मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-अमावस्या, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 207 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
11 जनवरी 2024 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
19 अधिकतम
13 न्यूनतम



Page- 7



## ढांचे से विशाल रहा होगा मंदिर



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के उत्तर के क्षेत्रीय निदेशक रहे और विवादित ढांचे के सर्वेक्षण से जुड़े केके मुहम्मद ने कहा है कि खोदाई में मिले हर सबूत गवाही दे रहे थे कि मंदिर विवादित ढांचे से कई गुना विशाल रहा होगा। मोहम्मद को भी प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में काम करने के दौरान सर्दी, गर्मी, बरसात में लोगों को आते देखा है। वहां तब मंदिर नहीं था, मगर आस्था थी। यह 500 साल की लड़ाई थी, जो अब समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि जो ढांचा मिला था उससे अनुमान है कि तब मंदिर वहां इससे भी विशाल रहा होगा।

## लक्षदीप को 'लपकने' लगी एयरलाइंस

**नई दिल्ली एजेंसी।** सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव और चलो लक्षद्वीप कैंपेन का असर साफ दिखाई देने लगा है। एक ओर जहां टूरिस्ट डेस्टिनेशन सर्च में लक्ष्यदीप को लेकर तगड़ा उछाल आया है, वहीं इसे पर्यटन की दृष्टि से और भी सुवधिजनक बनाने के लिए तमाम कंपनियां अपनी कमर कसने लगी हैं। विमानन कंपनियां भी आगे हैं, अब बजट एयरलाइंस स्पाइसजेट ने भी लक्षद्वीप के लिए उड़ानें शुरू करने का ऐलान कर दिया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणी से जो विवाद शुरू हुआ, उससे मालदीव के टूरिज्म सेक्टर को झटका लगा है। स्पाइसजेट ने जल्द लक्षद्वीप के अगाती आईलैंड के लिए फ्लाइट्स शुरू करने के संकेत दिये हैं।

## मोहाली में आज मैच, ठंड से कांपी टीम इंडिया



**मोहाली , एजेंसी।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज यहां है लेकिन मोहाली में सर्दी का सितम देखकर भारतीय खिलाडियों की कंपकंपी भी चर्चा में है। खासकर दक्षिणी राज्यों व गुजरात के खिलाडी परेशान हैं। अभ्यास सत्र के दौरान सभी खिलाड़ियों को ठंड से परेशान देखा गया। बीसीसीआई ने इसका वीडियो शेयर किया है। इसमें अक्षर पटेल ने सपोर्ट स्टाफ के सदस्य से पूछा, भाऊ, देखना कितना डिग्री (तापमान) है?' स्टाफ ने बताया कि 12 डिग्री तो अक्षर ने कहा - लग तो छह डिग्री लग रहा है। उनके बाद वीडियो में अर्शदीप सिंह ने मजाकिया अंदाज में कहा, ' काफी गर्मी लग रही है। आवेश खान को दिवंगत शायर राहत इंदौरी की याद आ गई। आवेश ने उनके मशहूर शेर, 'अगर खिलाफ हैं होने दो, जान थोड़ी है, ये सब धुआं है कोई आसमान थोड़ी है' को अपने अंदाज में कहा। आवेश ने कहा, 'ये तो धुआं है, आसमान थोड़ी है।'

### राष्ट्रपति ने स्वच्छता सर्वेक्षण के आधार पर बांटे पुरस्कार, कहा-हम स्वच्छता से संपन्नता की ओर

# स्वच्छता में मप्र फिर सातवें आसमान पर, इंदौर समेत 6 शहरों को अवॉर्ड



*एमपी के 6 और छत्तीसगढ़ के पांच शहरों को अवार्ड मिले हैं। वहीं, भोपाल को गार्बेज फ्री सिटी का अवार्ड मिला है। मध्यप्रदेश के अमरकंटक, महू और बुधनी को भी नेशनल अवॉर्ड मिला है।*

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

स्वच्छता के मामले में मप्र का इंदौर व भोपाल फिर सातवें आसमान पर हैं इनके साथ बुधनी और अमरकंटक का नाम भी जुड गया है। वहीं पहली बार सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त तौर पर सबसे स्वच्छ शहर माना गया है। भोपाल को स्वच्छ राजधानी का अवार्ड मिला है। आज दिल्ली के भारत मंडपम में समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वच्छ शहरों के लिये पुरस्कार लिया। महू कैंटोनमेंट बोर्ड को देश का सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का पुरस्कार भी मिला।जबकि स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मप्र को दूसरा स्थान मिला है। पिछले साल मप्र पहले स्थान पर रहा था। महाराष्ट्र ने पहला और छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली में इस समारोह में ओडिशा के सैंड आर्ट कलाकार सुदर्शन पटनायक ने भारत में स्वच्छता की शुरुआत को अपनी कला से दर्शाया। बालीवुड के ख्यात गायक कैलाश खेर ने स्वच्छता एंथेम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि कूड़ा-कचरे को कंचन में बदलना है। हमारे सफाईमित्रों ने इस अभियान में सबसे बड़ा योगदान दिया है। अब हम स्वच्छता से संपन्नता की ओर बढ़ रहे हैं। इससे महिलाएं को भी आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। सभी ने राष्टपिता महात्मा गांधी जयंति से एक दिन पहले एक दिन, एक तारीख, एक घंटा अभियान के जरिये स्वच्छता को सफल बनाया था। उन्होंने कहा कि रिराइकल और रियूज की प्रणाली भी सफल हो रही है। वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में जीरो वेस्ट की ओर बढ़ रहे हैं। ग्रीन वेस्ट से बायोगैस बनाने का काम प्रगति पर है। कभी शहरी जमीन कूड़े के पहाड़ बने थे, लेकिन स्वच्छता अभियान के तहत अब ऐसे डंपिग ग्राउंड खत्म हो रहे हैं।

**स्वच्छता आदत नहीं आंदोलन:** इस समारोह में शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 तक भारत को स्वच्छ बनाने की मांग की थी और खुले में शौच जाने को खत्म करने का बीड़ा उठाया था। उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी को स्वच्छ भारत से बेहतर तोहफा कैसे होगा। अब यह मिशन एक आंदोलन बन गया। इसके लिये सख्त चयन प्रक्रिया है। 2016 में यह सर्वेक्षण शुरू हुआ जो अब सबसे बड़ा सर्वेक्षण बन गया है। इसलिये स्वच्छता केवल आदत नहीं है, यह एक आंदोलन। एक अगली पीढ़ी भी इस आंदोलन में भाग ले रही है।

**सात साल से अव्वल है इंदौर:** वर्ष 2017 से इंदौर स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम आ रहा है। जनभागीदारी, नवाचारों और आपसी समन्वय वाले जज्बे ने ही इसे देश के दूसरे शहरों से आगे बनाए रखा है। प्रधानमंत्री मोदी भी कह चुके हैं कि दूसरे शहर जब किसी बात को करने का सोचते हैं, इंदौर उसे कर चुका होता है। दिल्ली के समारोह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त हर्षिका सिंह आदि दिल्ली पहुंचे।

## इधर दूसरी जीत की चिंता में भाजपा का बड़ा चिंतन

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मप्र भाजपा का चुनाव चिंतन आज राजधानी से पचास किमी दूर सीहोर के एक रिसोर्ट में हो रहा है। इसमें 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और उससे आगे आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा हो रही है। सरकार बनने के बाद भाजपा और



संघ के पदाधिकारियों की यह पहली संयुक्त बैठक है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते भी हैं। वहीं भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, महामंत्री हितानंद, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जयभान सिंह पवैया के अलावा संभाग प्रभारी, कोर ग्रुप और जिन मंत्रियों या पूर्व मंत्रियों को संगठन ने अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है, वह ऐसे 47 नेताओं को बुलावा भेजा गया है। यह बैठक दोपहर एक बजे से शाम तक बैठक चलेगी। इसमें राममंदिर से जुडे अभियान के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बूथ सशक्तीकरण की रणनीति के तहत बूथवार कार्ययोजना तय की जाएगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा को छोड़कर शेष 28 सीटों पर भाजपा जीती थी। दरअसल मप्र में10 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां के कई विधानसभा क्षेत्रों में गत विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से कम वोट मिले हैं। इन कमजोर सीटों पर कमियों को दूर करने पर मंथन करके रणनीति बनाई जाएगी।

# जीरो टॉलरेंस पर सवाल, भ्रष्टाचार मामले में खरे पर कौन मेहरबान...!

### अब तक चाालान की मंजूरी नहीं लेटलतीफी पर उठे सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आबकारी विभाग के उपायुक्त आलोक खरे के खिलाफ लोकायुक्त में दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में सरकार का जीरो टालरेंस ही सवालिया घेरे में है। लोकायुक्त ने जांच पूरी होने पर शासन को पत्र लिखकर उनका चालान पेश करने की मंजूरी मांगी थी, 4 सप्ताह में अभिमत देने की अपील की गई थी, लेकिन अब तक इसकी मंजूरी तक नहीं मिल पाई है। इस लेटलतीफी के पीछे अब तक कोई कारण भी सामने नहीं आ पर रहा और अफसर भी चुप हैं।

ऐसे में इसको लेकर कई सवाल उठने लगे हैं क्योंकि विगत दिवस आबकारी के डीओ परक्रम सिंह, डीसी नवल सिंह और एसी जगदीश राठी के खिलाफ शासन ने मंजूरी दी थी। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त के पत्र के बाद विगत सप्ताह विभाग के ग्वालियर मुख्यालय पर उपायुक्त के प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की गई। दस्तावेज की



पड़ताल के लिए अवकाश के दिन भी कर्मचारी मुख्यालय पर पहुंचे थे, लेकिन इसके बाद भी मंजूरी में देरी हो रही है।

**यह है पूरा मामला:** तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त आलोक खरे पर लोकायुक्त पुलिस ने 2019 में छापामार कार्रवाई की थी। तब वह इंदौर में पदस्थ थे। इसमें उनके पास फार्म हाउस सहित कई संपत्तियों के खुलासे हुए थे। बाद में मामला ठंडा पडने लगा। जांच के चलते खरे ने फलों के कारोबार से संपत्ति अर्जित करना बताया। संपत्ति अर्जित करने के अन्य बिल भी उन्होंने लोकायुक्त को पेश किए। लेकिन सभी दस्तावेज सही नहीं पाए गए। आलोक खरे वर्तमान में रीवा में उपायुक्त हैं और भोपाल मुख्यालय का भी प्रभार है।

# मजबूत पासपोर्ट सूची में भारत का नंबर 80वां, टॉप पर एकसाथ 6 देश

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की सूची में भारत का नंबर80वां हैं। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2024 के मुताबिक, इस बार पहले नंबर पर एक-दो नहीं बल्कि छह देश हैं। यानी इन छह देशों के पासपोर्ट सबसे ताकतवर हैं। यह पासपोर्ट अपने नागरिकों को दुनिया के 227 गंतव्यों में से 194 में बिना वीजा के एंट्री की सुविधा मुहैया कराते हैं।



ताजा इंडेक्स में जिन छह देशों ने पहले नंबर पर जगह बनाई है, उनमें यूरोप के फ्रांस, जर्मनी, इटली और स्पेन शामिल हैं। वहीं, लगातार पांच वर्षों से इस स्थान पर बने रहे एशियाई देश जापान और सिंगापुर एक बार फिर नंबर-1 हैं। टाप-10 में एक बार फिर यूरोपीय देशों ने पैठ बनाई है। लिस्ट में दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के साथ फिनलैंड और स्वीडन हैं,जिनके पासपोर्ट 193 गंतव्यों तक बिना वीजा जाने की सुविधा देते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड हैं, जिनके पासपोर्ट पर नागरिक 192 गंतव्यों पर वीजा-फ्री एंट्री ले सकते हैं। 191 गंतव्यों तक बिना वीजा के जाने की छूट के साथ ब्रिटेन ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है। जबकि भारतीय अपने पासपोर्ट के जरिए मौजूदा समय में 62 गंतव्यों पर बिना वीजा के जा सकते हैं। इनमें थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरिशस, श्रीलंका और मालदीव शामिल हैं।

**मेट्रो एंकर**

### राममंदिर लोकार्पण में न जाने के कांग्रेस स्टेंड के निहितार्थ, शंकराचार्यों ने भी बनाई दूरी

# नार्थ में रिस्क लेकर साउथ को साधने की कवायद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राम मंदिर के लोकार्पण समारोह से कांग्रेस के किनारा करने के कई सियासी अर्थ सामने आ रहे हैं। कांग्रेस ने करीब तीन सप्ताह तक मंथन के बाद यह फैसला किया है। इसके जरिये उसने गठबंधन को संदेश देने की कोशिश की है और साथ खड़े होने का माद्दा दिखाया है।क्योंकि कई सहयोगी दलों को न्यौता नहीं मिला था। इसके अलावा नार्थ के मुद्दे पर साउथ को साधने का जतन भी नजर आ रहा है। हालांकि इसे लेकर पार्टी में खींचतान और विरोध में आवाज उठी है। गुजरात में कांग्रेस के अध्यक्ष अंबरीश डेर, विधायक अर्जुन मोढवाडिया, यूपी कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्ण ने फैसले का विरोध किया है। जबकि हाइकमान ने साफ किया है कि हमारे जिन नेताओं को न्योता मिला है, वे नहीं जाएंगे। दरअसल, कांग्रेस की बड़ी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।इससे पहले कांग्रेस खुद को राम और राम मंदिर से जोड़ती आ रही है। मंदिर का ताला खुलवाने का भी श्रेय लेती रही है वह सॉफ्ट हिंदुत्व का कार्ड भी खेलने से नहीं हिचकती है। जानकारों का कहना है कि बीजेपी ने जब साफ कर दिया है कि वो राम मंदिर के मुद्दे को भुनाएगी और कांग्रेस को घेरने के लिए 'हिंदू विरोधी' के रूप में प्रचारित करने में कसर नहीं छोड़ेगी, ऐसे में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का निर्णय बीजेपी के एजेंडे में ना फंसने का हो सकता है क्योंकि कांग्रेस खुद को धर्म निरपेक्ष पार्टी कहती है। उसका बड़ा वोट बैंक है। नेतृत्व का डर है कि अगर वो अयोध्या जाती, तब भी बीजेपी घेरती तो बीजेपी के एजेंडे में फंस सकती थी। दूसरी तरफ देश में मुस्लिम वोटर्स की संख्या करीब 15 प्रतिशत है। लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट कांग्रेस को ही मिलते हैं। कांग्रेस अगर अयोध्या जाती तो इससे एक बड़ा वर्ग नाराज होता।

खास यह कि चारों शंकराचार्यों ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर सवाल उठाते हुए दूरी बना ली है। पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के बाद अब द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस कार्यक्रम का खुले तौर पर विरोध किया। वहीं बाकी दो शंकराचार्यों ने अन्य माध्यमों से बयान देते हुए इस कार्यक्रम में शामिल होने से इंकार किया है।

## हार्ड कोर हिंदुत्व से अलग, इलाकेदार फैक्टर



इतिहास को देखा जाए तो 90 के दशक में कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में कानूनी तरीके या बातचीत के जरिए राम मंदिर निर्माण के लिए हामी भरी थी. इस लिहाज से तो उसे अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाना चाहिए था. लेकिन, यह दांव बताता है कि कांग्रेस हार्ड कोर हिंदुत्व से अलग राजनीति करना चाहती है. इसके अलग-अलग इलाकों के हिसाब से कई बड़े फैक्टर भी हैं।

## उत्तर के रिस्पांस से निराश, दक्षिण से उम्मीद

उत्तर भारत में सिर्फ हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सत्ता गंवा दी है। मप्र में पिटी है तो पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, यूपी समेत अन्य राज्यों में भी पार्टी का बड़ा वोट बैंक खिसका। जबकि दक्षिण भारत में कांग्रेस मजबूत दिख रही है। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में उसने सरकार बनाई है। आंध्र में सत्ता में सहयोगी पार्टी है। उत्तरी, पश्चिमी और अन्य मध्य राज्यों में पार्टी कोई खास फायदा नहीं होगा, जहां बीजेपी-कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है. इससे पहले नॉर्थ बनाम साउथ की लड़ाई में भी कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी पर बीजेपी सवाल उठाते आई है। जानकार कहते हैं कि दिसंबर में विधानसभा चुनाव के दरम्यान सनातन विरोधी बयानों की कीमत कांग्रेस को उत्तर भारत के राज्यों में चुकानी पड़ी है। लेकिन, चुप्पी साधे रहने से साउथ में फायदा पहुंचा है।

## मध्य गाजा में इजरायली बमबारी में 40 की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा के दीर अल-बलाह में बुधवार को इजरायल की बमबारी में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गयी। हमास के मीडिया कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक अल-अक्सा शहीद अस्पताल से सटे एक घर को निशाना बनाकर बम विस्फोट किया गया। हमले में एक पत्रकार अहमद बदीर की भी मौत हो गयी , जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बच्चों और महिलाओं सहित नागरिकों के खिलाफ इजरायली सेना द्वारा छेड़े गए युद्ध को रोकने का आह्वान किया था। बयान में कहा गया कि अल-बाला के प्रवेश द्वार पर एक एम्बुलेंस को लक्ष्य कर किए गए हमले में फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) एम्बुलेंस के चालक दल के कम से कम चार सदस्य मारे गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 147 फिलिस्तीनी मारे गए।

# कोहरे और अधिक ठंड के कारण दलहनी फसलों को नुकसान

### किसानों को चिंता, गेहूं पर भी पाला पड़ने की आशंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
कोहरे के कारण फसलों का बुरा हाल है। खासकर दलहनी फसलों की स्थिति खराब हो रही है। किसान चिंता में डूबे हुए हैं। असल में पिछले आठ दिनों से मप्र के ज्यादातर जिलों में तेज कोहरा, धुंधार पड़ रही है। ठंड भी अधिक है। जिसकी वजह से फूल पर आ चुकी मटर, मसूर खराब हो रही है। इसके 15 दिन पहले बारिश हुई थी जिसके कारण मटर खराब हुई थी।



## इन जिलों में यह स्थिति

- **भोपाल-** यहां कि किसानों का कहना है कि ठंड के साथ–साथ सूरकी चल रही है अर्थात ठंडी हवाओं का रह–रहकर झोंका आ रहा है, जो फसलों को नुकसान पहुंचाता है। इस सीजन में सब्जी फसल जैसी टमाटर और मिर्च को बहुत नुकसान हुआ है।
- **नर्मदापुरम-** गेहूं की फसल छोटी है, क्योंकि तवा बांध की नहर देरी से छोड़ी गई थी, जिसके कारण बोवनी में समय लग गया। विशेषज्ञों के मुताबिक जब फसलें छोटी हो और अधिक कोहरे पड़े तो खेत में पानी नहीं भरा हुआ नहीं रहना चाहिए, लेकिन नर्मदापुरम जिले के 75 फीसद खेतों में पानी भरा रहता है, क्योंकि नहर से पानी मिलता है, जिसका प्रबंध ठीक नहीं किया जाता, जिसके कारण पानी और ठंड में फसलें गल जाती है।
- **बैतूल-** इस जिले कि सान निजी सिंचाई सांधनों पर निर्भर है। नहरों का जाल बहुत कम है इसलिए पानी की कमी पड़ने की आशंका के चलते जल्दी बोवनी कर देते हैं इसलिए फसलें बड़ी हो चुकी है। दलहनी फसलों में मटर, चना, मसूर जैसी फसलें फूल पर आ रही है विशेषज्ञों के मुताबिक फूल पर आने वाली फसलों कोहरे व ठंड से अधिक नुकसान होता है। फूल झड़ जाते हैं, नए फूल नहीं आते।

***कृषि वैज्ञानिकों की राय–** फसलों की सिंचाई बार—बार न करें। यदि काफी दिनों से पानी नहीं दिया है तो स्प्रिंकलर पंप से सिंचाई करें। फसलों पर सलाह के अनुरूप दवाओं का छिड़काव करें। फसलों में पानी जमा न रहने दें।*

### सहकारी दुग्ध संघों ने किसानों खरीदे जाने वाले दूध के दाम घटाए

# दुग्ध संघों की चाल, उपभोक्ता व किसान दोनों को नुकसान

### लेकिन उपभोक्ताओं को बेचे जाने वाले दूध के दामों में नहीं की एक पैसे की कमी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
प्रदेश के सभी 6 सहकारी दुग्ध संघ अपनी चाल से चल रहे हैं। चाल ऐसी जिसमें न तो किसानों को फायदा दिया जा रहा है और न ही उपभोक्ताओं को। फायदा सिर्फ और सिर्फ इन दुग्ध संघों को हो रहा है।

असल में इन दुग्ध संघों ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध के दामों में प्रति लीटर 1 से 5 रुपये तक की कमी कर दी है। खरीदी दामों में कटौती को एक महीने से लेकर एक साल तक का समय बीत चुका है लेकिन इन दुग्ध संघों के प्रमुखों ने उपभोक्ताओं को सांची नाम से बेचे जाने वाले दूध की कीमत में एक पैसे की कमी नहीं की है।

दूध और दुग्ध उत्पादन मामलों से जानकारों का कहना है कि प्रदेश में लगातार दूध का उत्पादन बढ़ रहा है लेकिन उस हिसाब से सहकारी दुग्ध संघ क्षमता नहीं बढ़ा पा रहे हैं। इनके पास खरीदी व बिक्री दोनों की क्षमता कम है। विशेषज्ञों की माने तो यह स्थिति तब है जब इन संघों को पिछले 35 से 40 वर्ष से सरकारी मदद मिलती रही है। वहीं प्रदेश में दूसरी निजी कंपनियां दूध की खरीदी-बिक्री में आयाम रच रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक यदि ये संघ अपनी क्षमताओं में विस्तार करते तो इसका फायदा किसान व उपभोक्ता दोनों को मिलता। अभी भी इन संघों को सुधार करने की जरूरत है ताकि किसान और उपभोक्ता दोनों को फायदा हो सके। उपभोक्ता राकेश भाटिया, अशोक कापसे, दिनेश अहिरवार, प्रभु त्रिपाठी का कहना है कि जब सहकारी दुग्ध संघ खरीदी दाम बार-बार कम कर रहे हैं तो बिक्री दामों में कमी क्यों नहीं की जा रही है। अधिकारी मेहनत करें और सहकारिता वाली भावना को चरितार्थ कर बिक्री दामों में कमी कर उपभोक्ताओं को राहत दें।




# घरों में पहुंच रहा दूषित पानी, कलेक्टर-आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 6 मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। शहर के चूनाभट्टी क्षेत्र में बीते रविवार को कॉलोनी के घरो में नलों से गंदा और बदबुदार पानी सप्लाई होने का मामला सामने आने के बाद आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में एक माह में जवाब मांगा है।

बता दें कि इस इलाके में पिछले दो दिन से पानी नही आ रहा था, जब रविवार को पानी सप्लाई हुआ तो वो भी दूषित निकला। रहवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की। इसके अलावा आयोग ने आयोग ने शहर के अयोध्या बायपास स्थित नरेला पेट्रोल पंप के पीछे बनी सुरभि हाइट्स और अभिजात्य टावर में व्यवस्थित सीवेज लाइन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नही होने, अशोका गार्डन क्षेत्र के मयूर विहार कॉलोनी में नाली की खुदाई के कारण कॉलोनी का रास्ता ही बंद होने, ईदगाह हिल्स क्षेत्र स्थित दृष्टिहीन और श्रवण बाधितों के शासकीय स्कूल के गेट के सामने नाले पर गड्ढा खुला मिलने सहित अन्य मामलों में संज्ञान लिया है।

## राज्यपाल से मिले आयोग अध्यक्ष-सदस्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टंडन ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से नववर्ष की शुभकामनाओं के लिये सौजन्य भेंट की। आयोग द्वारा गत वर्ष 2022-23 में किये गये कार्यों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट एवं 10 दिसम्बर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ''बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का अधिकार - मानव अधिकार'' विषय पर आयोजित एक



दिवसीय सेमीनार की सफलता के संबंध में भी जानकारी दी तथा मानव अधिकारों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर माननीय राज्यपाल से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# अभा सिंधी समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन गोवा में

### 3 दिनी सम्मेलन 14 से 16 मार्च तक होगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
अखिल भारतीय सिन्धी समाज नई दिल्ली, का राष्ट्रीय सम्मेलन गोवा में मार्च में होगा, जिसमें सिंधी समाज की समस्याओं एवं सिंधियत के लिए आगामी अजेंडा तय किया जाएगा। समाज की आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि सम्मेलन 14 से 16 मार्च तक गोवा में होगा। सम्मेलन में पूरे देश से सिन्धी समाज के लोग शामिल होंगे। पहले दिन प्रतिनिधियों का आगमन परिचय होगा। दूसरे दिन राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। सम्मेलन में सिन्धी समाज की एकता एवं उत्थान और सरकारों के समक्ष सिन्धी समाज की समस्याओं को उठाने पर चर्चा होगी। सिन्धी गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। तीसरे दिन गोवा के पर्यटन स्थलों का भ्रमण होगा। शाम को सिन्धी गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। 17 मार्च को प्रतिनिधि की वापसी होगी।

## ठंड में जरूरतमंदों को ओढ़ाए कंबल

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** बजरंग सेना समिति व कर्मण्य वेलफेयर सोसायटी का ठंड में जरूरतमंदों को कंबल बांटने का सिलसिला जारी है। सेवाधारियों ने बोरवन पार्क, डॉ. किशनानी हास्पिटल के पीछे बनीं झुग्गियों, संत हिरदाराम साहिब जी की कुटिया के पीछे बनीं झुग्गियों में कंबल का वितरण किया। बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कहा कि जो दीनः दुखियों की सेवा परमात्मा की पूजा है। कंबल बांटने वालों में सुनीता संतोष तोमर, सिया देवी, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, राजकुमारी बुन्देला, रश्मि जैन, ममता बुन्देला, वासु देवानी, शिवांश तोमर, राज बिजोरिया, खेमचंद, प्रियांशु उपस्थित थे।

## भूख हड़ताल



भोपाल के कोच फैक्ट्री के सामने बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल के दौरान धरना दिया।

# सपरिवार उत्सव के लिए बैंकर्स क्लब की बैठक



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
बैंकर्स की संस्था बैंकर्स क्लब की बैठक हलालपुर स्थित गार्डन में हुई, जिसमें 13 जनवरी को आयोजित होने वाले 30वें वार्षिक सपरिवार उत्सव व अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। क्लब के महासचिव गुलाब जेठानी ने बताया कि इस सपरिवार वार्षिक उत्सव में बैंकर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा गीत संगीत, नृत्य, खेलकूद एवं कला से संबंधित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं द्य बैठक में क्लब के अध्यक्ष सुंदर किशनानी के अलावा श्याम सुंदर गोपलानी , आर एस नाथानी, अशोक वासवानी, के एन शर्मा, के. एल. मूरजानी, अर्जुन लालवानी, पुष्पारानी मंगतानी, अशोक वासवानी, मुरली भोजवानी एवं अर्जुन राजवानी शामिल थे।

# मंकर संक्रांति पर सिंधु सभा का पंतग उत्सव, तैयारियां शुरू

### मनुआभान की टेकरी पर पतंग उड़ाएगा सिंधी समाज

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
भारतीय सिंधु सभा मकर संक्राति पर सातवां पतंग उत्सव मनाएगी। 14 जनवरी मकर संक्राति पर सुबह 11 बजे महावीर गिरी ( मनुआभान टेकरी ) लालघाटी पर पतंग उत्सव मनाया जाएगा, जिसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं समाज के गणमान्यनागरिक उपस्थित रहेंगे।

शाखा भोपाल उपाध्यक्ष हरीश मेघानी ने बताया कि मनुआभान टेकरी पर आने वाले सभी समाज के लिए पतंग, मांझा, खाने के लिए फुड स्टाल एवं नाचने गाने के लिए आर्केस्ट्रा एवं डी.जे. की भी व्यवस्था की जाएगी। परिवार के लिए कई गेम्स जैसे तम्बोला, चेयररेस एंव फनक्कि होंगे। साथ ही पेंच लडालो, डील दे-दे रे व अन्य होंगे, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। महिला शाखा द्वारा मकर संक्राति पर्व पर तिल के लडडु, सामग्री उपलब्ध कराई है। साथ ही अध्यक्ष हरीश चांदवानी एवं महासचिव राम आसुदानी ने बताया पर्यावरण को देखते हुए पौधारोपण किया जाएगा। सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने समाजजनों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

**मेट्रो एंकर**

### पंचायत के 36 साल के कार्य गिनाएं अध्यक्ष साबू ने

# सिंधी पंचायत ने स्थापना दिवस पर फल बांटे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
पूज्य सिंधी पंचायत का 36वां स्थापना दिवस सेवा कार्यों के बीच मनाया गया। सिविल अस्पताल में पंचायत पदाधिकारियों ने मरीजों को फल वितरित किए। पंचायत अध्यक्ष साबू रींझवानी ने पंचायत के 36 वर्षों के काम पर प्रकाश डाला। रीझवानी ने कहा पंचायत सिंधी समाज की प्रतिनिधि संस्था है। यह समाज में एक अभिभावक की तरह काम कर रही है। पारिवारिक समस्याओं से समाधान तथा दुःख सुख के साथी बनकर सेवा कार्य कर रही है। महासचिव माधू चांदवानी ने पगडी रस्म हाल, भूखंड आवास समस्या आदि समस्याओं पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही करने को लेकर आश्वास्त किया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ जैन, पंचायत उपाध्यक्ष नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, आडिटर हरीश मेहरचंदानी, फैसला बोर्ड संयोजक राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, दयाल दौलतानी, राम लेखवानी, प्रेम पठानी, नरेश पेसवानी, मुरली गुरबानी, बूलचंद वासवानी, जानकीलाल भारानी उपस्थित थे।



## संविदा के लिए सब संभव, दैवेभो व स्थाई कर्मियों की फजीहत

# हजारों की मौत, लेकिन किसी के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं

### प्रदेश में थे 50 हजार दैवेभो व स्थाईकर्मी, मानदेय भी मामूली, गुजारा करने के लिए भी परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी और स्थाई कर्मी कर्मचारी दर–दर की ठोंकरे खा रहे हैं। मनमाना काम लेने के बावजूद इन्हें न तो ठीक–ठाक वेतन मिल रहा है और न ही शासकीय कर्मचारियों की तरह सुविधाएं दी जा रही है। महीने में 30 दिन तक काम अलग करना पड़ रहा है। अब तक इन हजारों कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन इनके परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति तक नहीं दी जा रही है। वहीं संविदा कर्मियों के लिए सरकार हर संभव प्रयास करती रही है, इन्हें वेतन भी ठीक–ठाक दिया जा रहा है। अनुकंपा नियुक्ति से लेकर लगभग शासकीय कर्मचारियों के समान सुविधाएं भी दी जा रही है। जबकि संविदा कर्मियों से पहले से दैवेभो व स्थाईकर्मी शासन की सेवाएं दे रहे हैं।




शासकीय कार्यालयों, निगम मंडलों और कार्पोरेशनों में मेहनत कर रहे स्थाईकर्मियों को एक ही शिकायत है, सरकार ने हमारी सबसे ज्यादा अनदेखी की और अभी भी कर रही है। जबकि हम सबसे अधिक काम कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। महीने में सिर्फ 12 से 18 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। काम के घंटे का कोई हिसाब नहीं है, जब जो बुलाते हैं, जाना पड़ता है, यही गए तो नौकरी जाने का खतरा रहता है।

### 2018 में नाम दिया, लेकिन फायद नहीं

इन दैवेभो व स्थाई कर्मियों को वर्ष 2018 में शासन ने स्थाईकर्मी का नाम दिया था लेकिन उन्हें उस अनुरूप लाभ नहीं दिया। जिसके लिए ये आए दिन राजधानी की सड़कों पर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इनमें से कई दैवेभो व स्थाई कर्मी तो रिटायर्ड हो चुके हैं लेकिन अंत में इन्हें लाभ के नाम पर कुछ भी नहीं मिला। इन कर्मचारियों का कहना है कि स्थाईकर्मी बनाकर हमें तीन श्रेणियों में बांटकर सीमित लाभ में बांध दिया गया।

### 50 साल से दे रहे सेवा

ये कर्मचारी प्रदेश में पिछले करीब 50 साल से सेवाएं दे रहे हैं। अब तक इन्हें नियमित करना तो दूर ठीक से लाभ तक नहीं दिया जा रहा है। जबकि ये प्रदेश के कई विभागों में पिछले 50 सालों से काम कर रहे हैं। अब तक कई की मौत हो चुकी है तो कुई रिटायर्ड हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कई दैनिक वेतन भोगियों को दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री रहते हटा दिया था। तब ये परेशान हो गए थे। इनके परिवार के सामने रोजी–रोटी का संकट पैदा हो गया था। इन्होंने लड़ाई लड़ी और बाद में जब उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा ने वापसी की तब इन कर्मचारियों को वापस काम पर लिया गया लेकिन इन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा आज तक नहीं मिला। यदि मिल जाता तो अनुकंपा नियुक्ति् जैसा प्रावधान स्वत: हो जाता।

# लाड़ली बहनों की संख्या पर कांग्रेस और भाजपा में सियासी भिड़ंत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर रही लाड़ली बहना योजना में लाभार्थियों की संख्या घटने पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। कल एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1,576.61 करोड़ रुपये अंतरित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर योजना को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया, जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि योजना में छंटनी की जा रही है। इस योजना को धीरे-धीरे कर बंद करने की मंशा है।

इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि जनता को भ्रमित करना कांग्रेस की आदत बन गई है।



लाडली बहनें भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही हैं और जब सरकार उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रयास कर रही है, तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है।

# प्रतिभा किरण और गांव की बेटी योजना के आवेदन हुए शुरू

### राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर शुरू हो गए हैं। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा आर के गोस्वामी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।

## विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात...



भोपाल। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से दोपहर मेट्रो के प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया ने मुलाकात की।

## 22 तक जुड़ेंगे वोटर लिस्ट में नाम

### चुनाव के लिए तैयार की जा रही नई वोटर लिस्ट

**भोपाल.** विधानसभा चुनाव के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने नई वोटर लिस्ट का काम शुरु कर दिया है। जिसके लिए 8 फरवरी को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। सबसे पहले छह जनवरी से 22 जनवरी तक जिले के 2049 मतदान केंद्रों पर नए नाम जोड़ने, काटने, नाम, पते में बदलाव सहित वोटर लिस्ट से जुड़े काम शुरु कर दिए गए हैं। ऐसे युवा जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 को अठारह साल पूरी हो रही है, वह वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा सकेंगे।

# राज्य शिक्षा केंद्र: 48 जिलों के सरकारी स्कूलों को लउनि के माध्यम से भेजा जाएगा फर्नीचर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और फर्नीचर की बेहतर व्यवस्था को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने कवायत तेज कर दी है। इस बार सरकारी स्कूलों तक फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए लघु उद्योग निगम का भी सहयोग लिया जाएगा। करीब 48 जिलों के स्कूलों को लघु उद्योग निगम के माध्यम से डेस्क और बेंच उपलब्ध कराई जाएंगी।इसको लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने संबंधित जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए है। इसके साथ ही जिलों से स्कूलों की जानकारी भी मंगाई गई है।




### लघु उद्योग निगम करेगा फर्मों का निर्धारण

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि समग्र शिक्षा अंतर्गत माध्यमिक शालाओं के छात्रों के लिए डेस्क और बेंच की खरीदी राज्य स्तर से लघु उद्योग निगम के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार, लघु उद्योग निगम द्वारा फर्मों का निर्धारण कर शालाओं तक फर्नीचर भेजा जाएगा। इसके लिए जिलों को संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक को जरूरी दिशा–निर्देश जारी करने को कहा गया है।

**यह 48 जिले सूची में शामिल:** जारी आदेश के अनुसार, फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए 48 जिलों की सूची तैयारी की गई है। इस सूची में आगर मालवा, अलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, भिंड, बुरहानपुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, देवास, धार, गुना, ग्वालियर, हरदा, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, झाबुआ, कटनी, खंडवा, खरगौन, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, रीवा, सागर, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शिवपुरी, सीधी, टीकमगढ़, उज्जैन और उमरिया जिला शमिल है।

### राज्य स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप

## 20 विद्यार्थियों राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए चयन होगा

### आज से सीहोर में परीक्षा, 208 विद्यार्थी होंगे शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सत्र 2023-24 में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश ओलिंपियाड (वर्ड पावर चैंपियनशिप) का आयोजन किया जा रहा है। ओलंपियाड में राज्य स्तर की परीक्षा 11 और 12 जनवरी गुरुवार और शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के करीब एक लाख शिक्षकों ने करीब 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को संकुल सतर की परीक्षा में शामिल करवाया था। जिसमे सेमी फाइनल राउंड के लिए 208 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये सभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये सीहोर पहुंच रहे हैं। 11 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में इन चयनित 208 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड और पुरस्कार वितरण का आयोजन 12 जनवरी को किया जायेगा।

### महर्षि सुश्रुत को मानते हैं सर्जरी के भगवान

## मप्र आयुर्विज्ञान विवि अब महर्षि सुश्रुत के नाम पर जाना जाएगा

### कार्यपरिषद की बैठक के बाद शासन को भेजा प्रस्ताव, मंजूरी का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अब महर्षि सुश्रुत के नाम पर जाना जाएगा। इसको लेकर कवायद तेज हो गई है। विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद की बैठक में अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. अशोक खण्डेलवाल व सदस्यों की उपस्थिति में यह निर्णय हुआ है। इस प्रस्ताव पर मप्र शासन द्वारा मंजूरी के बाद शीघ्र ही मेडिकल यूनिवर्सिटी का नाम महर्षि सुश्रुत के नाम पर होगा। सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद कॉलेज भोपाल के प्रिंसिपल व आयुर्वेद सम्मेलन आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयुर्वेद जगत के लिये गौरव की बात कहते हुए कहा कि महर्षि सुश्रुत चिकित्सा की समस्त पैथियों में सबसे प्रथम सर्जरी के ज्ञाता थे। एलोपैथी हो या आयुर्वेद सभी महर्षि सुश्रुत को सर्जरी के भगवान मानते हैं और पूजा करते है।

**मेट्रो एंकर**

### रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का होगा प्रसारण

# स्वामी विवेकानंद जयंती कल प्रदेशभर में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

### 1 से 5 तक के बच्चे नहीं होंगे शामिल, स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेशभर में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार सुबह 9 से सुबह 10:30 बजे तक होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण और सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम होगा।

प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों, आश्रम शालाओं और ग्राम पंचायतों में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों की मदद से अधिक से अधिक जन-भागीदारी रहेगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में कक्षा.1 से 5 तक के बच्चों को शामिल न किया जाये। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा के साथ अन्य विभाग की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये।



फाइल फोटो

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ




विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

**सुविचार**

''प्रेम और करुणा जितना ही हमारे अंदर होगा, हमारा जीवन उतना ही सुंदर होगा।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# एक पुराने फैसले पर नया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में राज्य सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गई माफी रद्द करने का जो फैसला किया है,उसकी कई संदर्भों में चर्चा है। सभी आरोपियों को एक पखवाड़े के अंदर फिर से जेल जाने के लिए कहा गया है। फैसला इस तकनीकी आधार पर दिया गया है कि माफी का यह आदेश गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है क्योंकि मुकदमा गुजरात में नहीं, महाराष्ट्र में चला था। मगर इस फैसले से जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर गौर करने की जरूरत है। आखिर माफी के ऐसे फैसले अमूमन तत्कालीन राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 में गुजरात सरकार द्वारा दिए गए माफी के इस आदेश पर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि इस मामले में अपराध का स्वरूप बेहद गंभीर था। इसी वजह से अपराधियों को उम्र कैद की सजा दी गई। याचिकाकर्ता बिलकिस रसूल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और मर्डर केस में विक्टिम थीं। इस घटना में आठ नाबालिगों की हत्या की गई थी। माफी के इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो इसके राजनीतिक पहलू भी उभरते हैं। सीबीआई ने इस मामले की जांच की थी। इसलिए 2019 में माफी की अर्जी आने के बाद उससे भी राय मांगी गई। एजेंसी का कहना था कि इस मामले में ढिलाई की कोई सूरत नहीं बनती। अगले साल गुजरात के दाहोद जिले के एसपी और डीएम ने भी सीओआई के रुख की पुष्टि कर दी। उनका भी कहना था कि माफी नहीं दी जानी चाहिए। माफी देने की शक्ति कार्यपालिका के पास है। 2022 में जब जांच एजेंसियों की आरंभिक आपत्तियों के बावजूद माफी का आदेश जारी हुआ, तब राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फैसले को दो आधारों पर गैरकानूनी बताया है। चूंकि यह मुकदमा महाराष्ट्र में चला, इसलिए गुजरात सरकार को इस बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं है, यह बात खुद गुजरात सरकार ने 2022 में मानी थी। इसलिए माफी का आदेश राज्य सरकार की हड़पी हुई ताकत पर आधारित है। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा माफी को रद्द किए जाने का एक कारण रहा। यह माफी बेशक जुडिशल सिस्टम का अभिन्न हिस्सा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसे राजनीतिक सहूलियत का मामला न बना लिया जाए। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुजरात सरकार ने माफी का आदेश निकालने का अधिकार हड़प लिया है, इससे न्यायिक व्यवस्था के अवमूल्यन का खतरा भी स्पष्ट हो गया। आखिर इंसाफ को नुकसान सिर्फ मनमानी गिरफ्तारी से नहीं होता। संदिग्ध माफी भी इसके लिए उतनी ही नुकसानदेह साबित होती है। बिल्किस बानो मामला देशभर में सुर्ख हो चुका है,इसमें यह महिला अपने लिये इंसाफ की अनथक लड़ाई लड़ रही है,ऐसे हालात में आरोपियों को माफी न सिर्फ सवाल खड़े करती है बल्कि मानवीय संवेदनाओं के क्षरण की तरफ भी इशारा करती है। सुप्रीम कोर्ट ने बीती सितंबर में भी सवाल किया था, क्योंकि गुजरात सरकार ने सजा माफी के फैसले को सही बताया था। कोर्ट ने कहा कि दोषियों के पास माफी मांगने का मौलिक अधिकार है लेकिन यह अधिकार चुनिंदा रूप से नहीं दिया जाना चाहिये।

# नयी रणनीति बने पर्यटकों को लुभाने की

**जयंतीलाल भंडारी**

यकीनन 8 जनवरी को गूगल सर्च पर भारत के लक्षद्वीप की खोज 20 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए लक्षद्वीप विश्व पर्यटन मानचित्र पर छाते हुए दिखाई दिया है। इसके पीछे घटनाक्रम यह है कि चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समुद्र से घिरे और खूबसूरत लक्षद्वीप पर पहुंचे थे। यहां से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर कीं और भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने की अपील करते हुए कहा कि जो लोग रोमांच को पसंद करते हैं उनके लिए लक्षद्वीप टॉप लिस्ट में होना चाहिए। वस्तुतः अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश माना गया कि लक्षद्वीप के शानदार समुद्र तट प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ शांति के मामले में भी मालदीव को टक्कर देते हैं। ऐसे में कम समय व कम खर्च में मालदीव जैसा आनंद लक्षद्वीप में क्यों नहीं?

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप का दौरा करके भारत से बेरुखी और चीन के प्रति बार-बार प्यार दिखा रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को नई पर्यटन चुनौती का झटका देने का संदेश दिया। दुनिया में पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध देशों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है। ऐसे में लक्षद्वीप का यह हालिया पर्यटन घटनाक्रम और ऐसे ही घरेलू पर्यटन स्थलों को रेखांकित करते हुए नए रणनीतिक प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयास न केवल भारतीय पर्यटकों के विदेशी पर्यटन स्थलों की ओर बढ़ते प्रवाह को कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, वरन दुनिया के कोने-कोने के देशों के पर्यटकों के कदमों को भारत की ओर मोड़ने में भी प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

पिछले दिनों श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने भारतीय पर्यटकों को तेजी से आकर्षित करने तथा पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। ऑस्ट्रेलिया वियतनाम और रूस सहित कुछ अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी अधिक से अधिक भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वीजा की प्रक्रिया आसान बनाई गई है। वस्तुतः अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के कई देशों के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी और चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या कम होने के कारण भी ये देश विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की नई रणनीतियां प्रस्तुत कर रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के पर्यटन प्रधान देशों द्वारा विदेशी पर्यटकों से संबंधित उन शोध अध्ययनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनमें कहा जा रहा है कि भारतीय मध्यम वर्ग की तेजी से बढ़ती क्रय शक्ति के कारण उनमें विदेश यात्रा की ललक और अभिरुचि बढ़ी है। साथ ही भारतीय पर्यटकों के लिए भारत के कोने-कोने के अच्छे पर्यटन स्थल महंगे और मुश्किल भरे हुए हैं। ऐसे में भारतीयों की छलांगें लगाकर बढ़ती हुई पर्यटन संभावनाओं के मद्देनजर भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए सस्ते और सुगम पर्यटन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थिति यह है कि चाहे दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटकों के लिए रेखांकित हो रहे फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली हों या फिर सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, हांगकांग, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) जैसे छोटे-छोटे देश हों, ये सभी देश पर्यटन के लिए बुनियादी ढांचा, सुगमता, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के लिए पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) रैंकिंग में ऊंचाई पर हैं। साथ ही ये देश अपने यहां कुछ अनूठी विशिष्टताओं को विकसित करके विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के मामले में भारत से बहुत आगे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय पर्यटकों की विदेश यात्राओं के दौरान किए जाने वाले खर्च का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, दूसरी ओर विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में किए जाने वाले खर्च के ग्राफ की वैसी ऊंचाई नहीं है। विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में खर्च 2019 से 76 फीसदी की वृद्धि के साथ 2027 तक करीब 60 अरब डॉलर पर पहुंचते हुए दिखाई देगा इसके परिणामस्वरूप भारत विदेशी पर्यटकों से कमाई के मामले में दुनिया के प्रमुख 10



बाजारों में शामिल नहीं हो पाएगा। यदि हम बर्नस्टीन की इस रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो पाते हैं कि यद्यपि भारत में भी कोविड-19 के बाद विदेशी पर्यटक बढ़ रहे हैं और विदेशी पर्यटकों से आमदनी बढ़ रही है, लेकिन विदेश जाने वाले भारतीयों द्वारा विदेश भ्रमण में किए जा रहे भारी-भरकम व्यय की तुलना में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों से भारत की आमदनी बहुत कम है। अभी भी दुनिया के कुल विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। निःसंदेह जहां एक ओर भारतीयों का विदेशी पर्यटन की तरफ तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क से भी विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कश्मीर सहित देश के कोने-कोने के पर्यटन केंद्र अब पहले से अधिक सुरक्षित हैं। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गई है।

खास बात यह भी है कि सरकार ने इस वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के कार्यसमूह की रणनीतिक रूप से देश के कोने-कोने में 80 से अधिक शहरों में आयोजित 200 से अधिक विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेने भारत आए विदेशी प्रतिनिधियों और विदेशी मेहमानों को भारत के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाकर भारत के बेजोड़ पर्यटन केंद्रों के वैश्विक प्रचार-प्रसार का अभूतपूर्व मौका बनाया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों के बाद भी भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या अपेक्षित रूप से नहीं बड़ी है।पिछले वर्ष 2023 में भारत में जनवरी से जून तक आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 43.80 लाख रही है और यह 2023 में करीब एक करोड़ के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। लेकिन विदेशी पर्यटकों की यह संख्या कोविड-19 महामारी से पहले वर्ष 2018 में भारत आए 2.88 करोड़ विदेशी पर्यटकों की तुलना में अभी बहुत पीछे है। इतना ही नहीं, भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या वृद्धि दुनिया के कई देशों की तुलना में कितनी कम है, इसका अनुमान हम इस तथ्य से लगा सकते हैं कि स्पेन में पिछले वर्ष 2023 की पहली छमाही में ही 37.50 करोड़ विदेशी पर्यटक गए थे। निश्चित रूप से लक्षद्वीप के जनवरी, 2024 के शुरुआती पर्यटन घटनाक्रम से यह संदेश निकला है कि घरेलू पर्यटकों के तेजी से बढ़ते विदेश पर्यटन के कदमों को नियंत्रित करके उन्हें देश के पर्यटन स्थलों की ओर मोड़ा जा सकता है। हम उम्मीद करें कि सरकार लक्षद्वीप के हालिया घटनाक्रम तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और दुनिया के ऊंचे क्रम के पर्यटन प्रधान देशों की तरह भारत में भी पर्यटन सेक्टर को और जीवंत बनाने की नई रणनीति के साथ वैश्विक पर्यटन की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पहली पंक्ति में आने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि देश में भी विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए वीजा नीति उदार बनाई जाएगी और अल्प अवधि में बड़ी संख्या में वीजा निर्गम करने के लिए एक ठोस प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जाएगा।

**साभार :** लेखक अर्थशास्त्री हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

## निशाना

### चल रही है जंग !



– कृष्णेन्द्र राय

सीट बंटवारे पर।
चल रही है जंग ।।
हम ही हैं मजबूत यहां।
भर रहे सब दंभ ।।
अंदर की तकरार पर।
सार्वजनिक बयान ।।
सबका अपने-अपने।
हैं कुछ तो अरमान ।।
बात बननी तय।
लेकिन उससे दूर ।।
चाय पानी लेकर के
आनंद अभी भरपूर ।।
रास्ता निकालना।
करने दो दो हाथ ।।
ना है यह दिखावा।
चल रहे हैं साथ ।।

## आज का इतिहास


- **2020** – भारतीय उद्योग परिसंघ और छ्क्क्ष के साथ साझेदारी में इस्पात मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के द ओबेरॉय ग्रैंड कोलकाता में एक एकीकृत स्टील हब के माध्यम से पूर्वी क्षेत्र के %पूर्वोदय त्वरित विकास% की शुरूआत का आयोजन किया। इस हब का शुभारंभ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया।
- **केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने %भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र% और %राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल% का उद्घाटन किया।
- **2010** - भारत ने उड़ीसा के बालासोर में हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र के दो सफल परीक्षण किए। इस मिसाइल को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।
- **भारत** ने बांग्लादेश के साथ पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किया जिसमें उसे विकास संबंधी परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर ऋण देने का वादा शामिल है। इनमें आतंकवाद निरोधी सहयोग को बढ़ाने के लिए तीन सुरक्षा समझौते शामिल हैं।
- **दिल्ली** उच्च न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने फ़ैसला सुनाया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के दफ़्तर के लिए भी सूचना का अधिकार (आरटीआई) क़ानून के तहत सूचना देना अनिवार्य है।
- **2009** - आईटी कम्पनी सत्यम को बचाने के लिए सरकार ने तीन नामित सदस्यों की नियुक्ति की। अचंता शरत कमल ने 70वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का ख़िताब जीता।
- **2006** - ओलकलाहोमा राज्य के जंगलों में लगी आग को अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने संघीय आपदा की घोषणा की।

# चीन की शह पर भारत विरोधी रहा है मालदीव का रुख

**केएस तोमर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के तीन मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों देशों के बीच पहले से ही खराब चल रहे रिश्ते को बड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भी उन टिप्पणियों की जमकर आलोचना की है। हालांकि मालदीव सरकार नुकसान की भरपाई करने में जुट गई है और टिप्पणी करने वाले मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को निलंबित कर दिया है, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि मौजूदा मालदीव सरकार का रुख भारत विरोधी रहा है, जिसे चीन से समर्थन मिलता है। बीजिंग ने अभी मालदीव के 1,200 द्वीपों में 17 को पट्टे पर लिया हुआ है, जो पूरे मालदीव में फैले हुए हैं और चीन की तीन सबसे बड़ी परियोजनाओं की लागत कुल मिलाकर 1.5 अरब डॉलर है, जो मालदीव की जीडीपी के 40 फीसदी से ज्यादा है। मालदीव में चीन का निवेश 97 करोड़ डॉलर को पार कर गया है, जिसे चुकाना मालदीव जैसे गरीब देश की क्षमता से बाहर है। फिर भी मौजूदा मुइज्जू सरकार भारत के प्रभाव को घटाने और चीन के प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

मालदीव में चीन के प्रभाव को कम करने के लिए भारत ने 50 करोड़ डॉलर की सबसे बड़ी नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजना की घोषणा करने का तार्किक कदम उठाया, जिसके तहत 6.7 किलोमीटर लंबा पुल और सड़क बनेगी, जो मालदीव की राजधानी माले को तीन नजदीकी द्वीपों से जोड़ेगी। इस तरह से भारत लंबाई, पैमाने और लागत के मामले में 20 करोड़ डॉलर की लागत से बने मालदीव-चीन मैत्री पुल को पीछे छोड़ देगा। लेकिन चीन के प्रति मुइज्जू के झुकाव को देखते हुए भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है, जिन्होंने अभी



हिंद महासागर द्वीप समूह में तैनात भारतीय सैनिकों को लौटाने का फैसला किया है। यह मुख्यतः मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की 'भारत पहले' की नीति को पलटने के उद्देश्य से उठाया गया कदम है। इसके अलावा मुइज्जू सरकार ने एक और भारत-विरोधी निर्णय के तहत हाइड्रोग्राफी (जल सर्वेक्षण विज्ञान) के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के सहमति पत्र के नवीनीकरण के खिलाफ फैसला लिया है।

सिर्फ मालदीव में ही नहीं, बल्कि नए वर्ष में भारतीय विदेश नीति के समक्ष कई चुनौतियां हैं। चीन अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका सहित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है, जिसके लिए इसकी खतरनाक कर्ज-जाल नीति, विस्तारवाद और बीआरआई के माध्यम से दिए जा रहे प्रलोभन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विदेश नीति के विशेषज्ञों का मानना है कि भारत एशिया में खुद को चीन की तुलना में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है, हालांकि दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। लेकिन अमेरिका के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक सहयोग से वह चीन को मात दे सकता है। भारत के साथ अमेरिका का रक्षा और आर्थिक सहयोग दोनों देशों के रिश्ते को और मजबूत करेगा, जिसका असर वैश्विक मंच पर हो सकता है।

चीन की कर्ज जाल नीति में पाकिस्तान पूरी तरह से फंस चुका है, जिससे निकट भविष्य में निकलना उसके लिए असंभव है। आगामी फरवरी में पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव से राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है, क्योंकि नवाज शरीफ के सत्ता में लौटने की संभावनाएं बन रही हैं। नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की इच्छा जताई है। चीन नेपाल का सबसे बड़ा निवेशक और व्यापार भागीदार के रूप में उभरा है, जिसने दोनों देशों के आर्थिक एवं कूटनीतिक रिश्तों को बदल दिया है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है और बीआरआई के क्रियान्वयन के लिए दबाव बना रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है, लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ सदियों पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था, जिसे मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने सुधारने की बहुत कोशिश की है। अब भारत ने कई आर्थिक पहल की है, जिनमें दीर्घकालीन व्यापार समझौता, बिजली की खरीद और पारगमन संधि, आदि हैं, जो द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम दे सकते हैं। भारत को बीआरआई की किसी भी प्रगति पर नजर रखनी होगी, क्योंकि 1,770 किलोमीटर की खुली सीमा के कारण सुरक्षा जोखिम होगा।

हम्बनटोटा में चीन ने 4.5 अरब डॉलर का निवेश किया था, जिसने नई दिल्ली के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा कर दी थीं। लेकिन श्रीलंका जब आर्थिक पतन के कगार पर था, तो चीन उसकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। ऐसे में, भारत को उदारता दिखाने का मौका मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के साथ श्रीलंका का मौजूदा दोस्ताना रवैया जारी रह सकता है, क्योंकि भारत ने खुले दिल से सहयोग किया और चार अरब डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी, जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के तीन अरब डॉलर के राहत पैकेज से ज्यादा है। भारत को श्रीलंका से रिश्ते और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में भारत समर्थक शेख हसीना फिर से सत्ता में लौट आई हैं। चीन ने हमेशा बांग्लादेश में गहरी दिलचस्पी दिखाई है, जो 2016-22 के दौरान 26 अरब डॉलर के निवेश से स्पष्ट है। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में चीन सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है और वह अब वहां अपना निवेश और बढ़ा सकता है।

चीन ने म्यांमार में जातीय विद्रोही गुटों का समर्थन करने के अलावा वहां तानाशाही का पूरा समर्थन किया है। अमेरिका और उसके सहयोगी देश यूक्रेन और गाजा के युद्ध में व्यस्त हैं, जिससे तानाशाही शासकों को लोकतांत्रिक ताकतों को कुचलने की छूट मिल गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को चीन की %दो महासागरीय रणनीति% और बीआरआई व अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के खेल पर नजर रखनी होगी। भूटान के रिश्ते भारत से अच्छे हैं, लेकिन चीन के बढ़ते प्रभाव से सुरक्षा का खतरा पैदा हो सकता है। भारत को भूटान को चीनी प्रलोभनों से दूर रखना होगा।विश्लेषकों का मानना है कि सार्क देशों में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए चिंताजनक है। इसलिए उसे नियंत्रण में रखने के लिए ठोस रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### कलेक्टर मीना ने पिपरिया और बनखेड़ी क्षेत्र का किया सघन दौरा, मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

# पिपरिया मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



## नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने की दी हिदायत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को कलेक्टर मीना ने पिपरिया और बनखेड़ी क्षेत्र का सघन दौरा किया। सबसे पहले कलेक्टर पिपरिया मंडी पहुंची। उन्होंने निरीक्षण कर निर्देश दिए कि शासन के नियमानुसार सुचारू रूप से खरीदी की जाए। किसानों को अपनी उपज विक्रय में परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। मंडी में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत रहे। कलेक्टर ने मंडी का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखीं । उन्होंने मंडी में नीलामी प्रक्रिया का भी अवलोकन लिया। उन्होंने मंडी संबंधी अधिकारियों से मंडी में उपज की नीलामी, भंडारण, कैपेसिटी और मानव संसाधन इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी सीधे चर्चा कर नीलामी संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किसानों से प्राप्त समस्याओं के संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मौके पर एसडीएम पिपरिया, एसडीओपी पिपरिया एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को किसानों, व्यापारियों एवं स्टेकहोल्डर के साथ बैठक कर मंडी व्यवस्थाओं की विस्तार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में व्यवस्थाएं मजबूत रहे। एसडीएम मंडी में व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने मवेशी संबंधी समस्याओं के भी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी के अमले को सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाएं।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पिपरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नामांतरण , बटवारा विशेष रूप से सीमांकन के प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधियों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि 18 से 19 वर्ष के नव मतदाताओं के नाम प्राथमिकता से जोड़े जाएं। ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से ग्राम सभाएं आयोजित कर मतदाता सूची का वाचन कराएं। निर्धारित कैंप दिवस 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को डोर टू डोर सर्वे कर छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएं। बीएलओ बूथ लेवल एजेंट के सतत संपर्क में रहे। कलेक्टर सुश्री मीना ने बनखेड़ी क्षेत्र का भी भ्रमण किया उन्होंने यहां खरीदी केंद्र गायत्री वेयरहाउस , सीताभोज वेयरहाउस का निरीक्षण कर परिवहन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि खुले में रखी धान का तेजी से परिवहन कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं को सुन उनका निराकरण किया। बनखेड़ी के ग्राम कुर्सीढाना निवासी गोपी यादव ने कोटवार द्वारा गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने के संबंध में शिकायत की। पलियापिपरिया निवासी रामकिशन वंशकार ने बीपीएल कार्ड नहीं बनने की समस्या बताई । जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पिपरिया को दोनों आवेदनों की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## कलेक्टर मीना ने किया जावली रेत खदान का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर ने बुधवार को माइनिंग विभाग की टीम के साथ तहसील माखननगर स्थित स्वीकृत रेत खदान जावली का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के कांट्रेक्टर से चर्चा कर खनन कार्य में संलग्न वाहनों की संख्या , परिवहन , टीपी इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने खनन ,परिवहन के लिए रोजगार में संलग्न स्थानीय ग्रामीण की भी जानकारी ली और मौके पर मौजूद ग्रामीणों से चर्चा भी की। उन्होंने कांट्रेक्टर और माइनिंग विभाग की टीम को निर्देशित किया कि रेत उत्खनन शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार किया जाए.परिवहन व्यवस्थित रूप से किया जाएं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या ना हो या सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, तहसीलदार माखननगर सुनील गढ़वाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नर्मदांचल के साहित्य सेवक किशोर करैया साहित्य साधक सम्मान से हुए सम्मानित

## शहडोल में हुए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त साहित्यकारों ने किया सम्मानित

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

सोमदेवा साहित्यिक संस्थान शहडोल द्वारा युवा महोत्सव के अंतर्गत पुस्तक विमोचन एंव कवि सम्मेलन ,सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय कवि प्रो.ओमपाल सिंह,उपायुक्त जनजातीय विभाग आनंद सिन्हा, पूर्व कुलपति शम्भू शुक्ला, मुकेश तिवारी, नलिनी तिवारी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति मे साहित्य को समर्पित आयोजन मे देश के प्रख्यात रचनाकारों, साहित्यकारों, साहित्य सेवाओं मे उल्लेखनीय योगदान को दृष्टिगत रखते हुए सम्मान से सम्मानित किया।



सम्मान समारोह मे नर्मदापुरम के साहित्यिक सेवक केप्टिन किशोर करैया को शाल श्रीफल भेंट कर साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया। जानकारी देते हुए नर्मदापुरम के कवि साहित्यकार सुभाष यादव ने बताया कि नर्मदा आव्हान सेवा समिति के माध्यम से श्री करैया व्दारा निरंतर साहित्यिक कार्यक्रम किये जा रहे है। वह नवोदित कवियों में उत्साह बढाने के लिए साहित्य सेवा कार्य कर रहे है। काव्य की प्रतिभाऐं जो घर पर दम तोड रही है,मंच नही है अवसर नही है,ऐसे नये कवियों को तलाश कर घर से निकालकर समाज के सामने लाने का प्रयास कर रहे है। उन्हें अवसर देने और सामर्थवान बनाने के परम उद्देश्य को लेकर काम कर रहे है।

श्री करैया को शहडोल मे सम्मानित होने पर क्षैत्र के साहित्यकारो व कवियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है पूर्व में भी श्री करैया को बालाघाट,जबलपुर, हरदा, रायसेन ,कोटा से साहित्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश

# कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग डॉ शर्मा ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर नर्मदापुरम डॉ पवन कुमार शर्मा ने बुधवार को नर्मदापुरम के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सबसे पहले कमिश्नर डॉ शर्मा ने मतदान केंद्र कार्यपालन यंत्री भवन लोक परियोजना इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां दिव्यांग एंव बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैंप आदि सुविधाओं का अवलोकन। उन्होंने केंद्र परिसर में गंदगी पाए जाने पर अधिकारियों को शीघ्र साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा न हो।

कमिश्नर डॉ शर्मा ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्धं कराने के निर्देश एसडीएम आशीष पाण्डे को दिये। इसके पश्चात कमिश्नर डॉ शर्मा ने कोठी बाजार स्थित मतदान केंद्र

शासकीय प्राथमिक शाला नर्मदापुरम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को उचित स्थान पर बैठने के निर्देश दिए ताकि मतदाताओं को नाम जुड़वाने में कोई परेशानी ना। साथ ही शाला में शिक्षण कार्य भी बाधित न हो। उन्होंने शाला में बीएलओ का नाम डिस्प्ले करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आर.पी. सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पाण्डे, तहसीलदार शहरी देवशंकर धुर्वे, इलेक्शन सुपरवाइजर कैलाश दुबे और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद प्रभारी अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**नर्मदापुरम।** 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विद्यालय परिसर में किया जाएगा । सूर्य नमस्कार कार्यक्रम प्रात~ 9 बजे से 10.30 के मध्य आयोजित किया जाएगा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का संबोधन रेडियो के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जिला पंचायत, समस्त जिला कार्यालय प्रमुखों, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन संबंधी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही, पुनरीक्षण बैठक में अनुपस्थित चार सुपरवाइजरों को नोटिस

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 6 जनवरी से प्रारंभ हो गया है उसी के संबंध में 8 जनवरी को सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के समस्त निर्वाचन सुपरवाइजरो की बैठक आयोजित की गई थी। निर्वाचन की बैठक में चार सुपरवाइजर जिसमें सुभाष राठौर सेक्टर सुपरवाइजर क्रमांक 12, नितिन मेहरा सेक्टर सुपरवाइजर 19, हुकुमचंद भास्कर सेक्टर सुपरवाइजर 20 तथा अमर सिंह उइके सेक्टर सुपरवाइजर 17 अनुपस्थित पाए गए सभी सुपरवाइजरो को अनुपस्थित रहने पर प्रमोद सिंह गुर्जर अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना पत्र मे उल्लेख किए गए हैं कि पूर्व में भी आपके द्वारा इस प्रकार की लापरवाही किए जाने के कारण आपको नोटिस जारी किया जाकर आपका प्रतिवाद चाहा गया था। इस संबंध में आपके द्वारा लिखित सहमति इस कार्यालय को दी जाकर अवगत कराया गया था कि मेरे द्वारा इस प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी कारण बताओ सूचना पत्र का लिखित प्रतिवेदन दो दिवस में देना सुनिश्चित किया गया है। सूचना पत्र का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत नहीं करने पर निर्वाचन अधिनियमों एवं सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के अंतर्गत एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# 26 जनवरी को लेकर नपा में बैठक, प्राचार्य, शिक्षक हुए शामिल

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन नगर पालिका मे किया गया।

बैठक में नपा अध्यक्ष रितेश जैन एवं एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न की गई जिसमें बताया गया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस महोत्सव बड़े धूमधाम एवं बड़े हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। जिसमें ध्वजारोहण,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सिवनी मालवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए जिसमे गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर क्या क्या गतिविधियां करनी है इसके बारे में निर्देशित किया गया।

इस दौरान एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी, थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती, मुख्य लिपिक संजय गोयल, उपयंत्री राहुल शर्मा, चंद्रकांत कवर, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा,पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे,दीपक बाथव, ईश्वरदास जमीदार,दुर्गेश उईके, पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी के साथ-साथ सभी शासकीय स्कूल के प्राचार्य प्रधान पाठक शिक्षक शिक्षिका,ब्लॉक के सभी विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### मेट्रो एंकर — सीएम डॉ मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से डाली राशि

# जिले की दो लाख लाड़ली बहनों के खाते में 25.97 करोड़ आए




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 10 जनवरी को भोपाल में महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित मकर संक्रांति उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.29 करोड़ लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1576 करोड़ की सहायता राशि अंतरित की। कार्यक्रम में 56 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 341 करोड़ की राशि का भी अंतरण किया गया। नर्मदापुरम जिले की 213675 लाड़ली बहनों के खाते में 25.97 करोड़ की राशि अंतरित की गई। प्रत्येक बहन के खाते में 1250 रुपए की सहायता राशि डाली गई।राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित डहरिया सहित लाड़ली बहनाएं उपस्थित रहीं।

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह 10 जनवरी से 15 जनवरी तक मनाया जाएगा

कलेक्टर सुश्री मीना ने कार्यक्रम उपरांत महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत आयोजित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की ओर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह के तहत महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं के प्रचार प्रसार सहित विभिन्न गतिविधियों का उत्साह के साथ आयोजन किया जाएं। शौर्य दल की महिलाओं को भी सक्रिय कर सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन करें।





**पत्रकारो का सम्मान समारोह**

**सिरोंज।** निजी स्कूल द्वारा नववर्ष मिलन व पत्रकारो का सम्मान समारोह आयोजन किया जिसमे स्कूल प्राचार्य द्वारा पत्रकार राजीव जैन सैनानी को नवाजा गया।

# अंतर विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में केडीबीएम स्कूल के छात्रों ने हासिल किया प्रथम स्थान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा में अंतर विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोंज से केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों की कबड्डी टीम ने फाइनल में विदिषा को हराकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही संभाग स्तर पर चयनित होकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सीहोर में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासो की सराहना की। वही स्कूल प्राचार्य मनोज तिवारी ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाईया दी।

**गर्मियों में भीषण जल संकट के बन सकते हैं हालात, पीएच विभाग के द्वारा नल जल योजना को नहीं करवाया जा रहा चालू**

# ठेकेदारों ने किया आधा अधूरा काम खाना पूर्ति, करोड़ों खर्च, नतीजा जीरो

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**बरसात कम होने के कारण विकासखंड में पानी के लिए अभी से परेशानी होने लगी । तेजी से जलस्तर नीचे जा रहा है आने वाले दिनों में पानी के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न होगी इसके बाद भी जिम्मेदारों के कानों पर जून नहीं रह रही है प्रधानमंत्री से लेकर विधायक के निर्देशों के बाद भी विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा धरातल पर काम नहीं करवाया जा रहा लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदारों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बरसों से नल जल योजना अधूरी पड़ी हुई है लाखों रुपए की राशि भी खर्च हो गई है फिर भी इनका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। पानी की किल्लत अभी से होने लगी है इसके बाद भी पीएच विभाग के द्वारा समय रहते बंद पड़ी नल जल योजनाओं को चालू करवाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे है**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जिम्मेदारों को अभी यह जानकारी नहीं है कहां की नल जल योजना अधूरी पड़ी है। अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा धरातल पर काम के नाम पर गोलमाल जरूर किया गया है। तभी तो नल जल योजनाएं चालू नहीं हो रही है लापरवाही से कार्य करने वाले ठेकेदारों पर लगाम लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहे हैं ।एक तरफ नज से जल अभियान के लिए करोड रुपए की राशि केंद्र सरकार के द्वारा जारी की गई है ।प्रधानमंत्री के द्वारा हर घर में पानी उपलब्ध कराने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाए इस अभियान को धरातल पर लागू करने के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं ।इसके बाद भी विकासखंड के अधिकांश ग्रामों में नल से जल पहुंचने का अभियान मूर्ति रूप होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।



ज्यादातर ठेकेदारों के द्वारा इस योजना के अंतर्गत काम करके औपचारिकता करके अधूरे काम छोड़ दिए हैं। इसके वजह से करोड रुपए की रुपए की राशि खर्च करने के बाद भी अभियान का लाभ जिस उद्देश्य को लेकर प्रारंभ किया गया है, वह पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इस वजह से ग्रामीणों को आज भी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है हर गांव में पानी की टंकी के साथ लाइन बिछाने के लिए शासन के द्वारा करोड रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद भी टंकियां में पानी नहीं पहुंच रहा है कहीं पर लाइन अधूरी डालकर छोड़ दी गई है कहीं पर कनेक्शन नहीं हुई तो कहीं पर हैंडोवर नहीं होने से इसे सप्लाई नहीं हो पाए, कहीं पर बिजली ट्रांसफार्मर नहीं रखें जहां पर रखे हैं तो वहां पर सप्लाई बंद पड़ी हुई है कहीं पर बोर नहीं है बोर है तो मोटर नहीं डाली है। इस वजह से पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जनप्रतिंतियों से लेकर जिम्मेदारियां अधिकारियों के द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।जबकि पिछले दिनों ही विधायक को उमकात शर्मा ने नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को गंभीरता से दूर करने के निर्देश दिए हैं। फिर भी जिम्मेदारी इस काम को गंभीरता से नहीं करवा रहे हैं समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गर्मियों के दिनों में भीषण जल समस्या का सामना भी करना पड़ेगा। घटवार में लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण किया गया है नल जल योजना के तहत लाइन बिछाई बचाने के नाम पर खाना पूर्ति करके गोलमाल किया गया है इस वजह से आज तक लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा है। इसी तरह कई जगह अधूरी लाइन डालकर छोड़ दिया गया ।

ग्राम उनरसी लाल में भी लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण हुआ है पर पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा हुआ है ।इसी तरह सिरस्वास में भी नल जल योजना का काम अधूरा पड़ा हुआ है ,पिपलियाहट ,सब्दलपुर सियलपुर,से लेकर विकासखंड के अधिकांश ग्रामों में लाखों रुपए की लागत से नल जल योजना के अंतर्गत काम केवल कागजों में ही होता हुआ दिखाई दे रहा है धरातल पर सब गोलमाल है। अब देखना है कि इन बंद पड़ी योजना को चालू करवाया जाएगा या नहीं।

### इनका कहना है -

*नल जल योजना के तहत लापरवाही से काम किया जा रहा है इस वजह से सिरस्वास की नल जल योजना आज तक चालू नहीं हुई ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।*

***वीरेंद्र पालीवाल** पूर्व सरपंच मुगलसराय*

*गर्मियों के दिनों में पानी के लिए भारी किल्लत होगी ग्रामीण क्षेत्रों में जितनी भी नल जल योजनाएं हैं उनमें सही काम नहीं होने से नल जल योजना बंद पड़ी हुई इसकी शिकायत भी ग्रामीणों के द्वारा की गई है। जल्दी यह संबंध में पीएच विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों साथ कलेक्टर एवं पीएचडी मंत्री से मुलाकात करके ग्रामीणों की समस्याओं को रखेंगे और इसको दूर करवाया जाएगा। अधिकारी और ठेकेदार अपने काम को गंभीरता से नहीं कर रहे हैं इस वजह से है योजनाएं चालू नहीं हो पा रही है ।*

***भगत सिंह रघुवंशी** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि*

*कुछ ठेकेदारों के द्वारा हैंडोवर के लिए कहा जार पर हैंडोवर नहीं हो रही है कहीं पर नल जल योजना का काम अधूरा पड़ा है या टंकियां चालू किस कारण से नहीं हो रही है इसको दिखाकर इनको चालू करवाते हैं।*

***जसवंत सिंह सिरोही** एसडीओपीएच विभाग*

*पीएच विभाग के अधिकारियों को जल्दी चालू करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर को भी बताया है जल्दी ही इन नल जल योजनाओं को चालू करवाया जाएगा लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी हम जनता को पानी के लिए परेशान नहीं होने देंगे ।*

***हरि सिंह सप्रे** विधायक कुरवाई*

# बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान, यह कैसी अटल ज्योति 5 से 6 घंटे मिल रही बिजली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विधुत विभाग के आगे सरकार की योजना भी नतमस्तक दिखाई दे रही है, सरकार जनता से दिखावे के वादे करती है जबकि जमीनी हकीकत उससे बिलकुल अलग है। एक तरफ जहां अटल ज्योति योजना के तहत मिलने वाली बिजली 5 से 6 घंटे मिल रही है, तो वही किसानों को मिलने वाली बिजली 6 से 7 घंटे ही मिल पा रही है। जिसकी वजह से गांव में ग्रामीण परेशान है, तो खेतों पर किसान भी परेशान हो रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है, इन लापरवाह अधिकारियों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कंपनी एवं सरकार के विरुद्ध लोगों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है।



**क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, ग्रामीणों में व्याप्त है आक्रोश**

जब बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को ग्रामीण विधुत समस्या के लिए फोंन करते है तो जवाबदारों द्वारा गोलमोल जवाब दे दिया जाता और ग्रामीणों की समस्या लगातार महीनों से ऐसी ही बनी हुई है पर विधुत विभाग के कर्मचारियों को आम जनता की समस्या से कोई सरोकार नही वो सिर्फ अपनी मनमानी पे उतारू है। ग्रामीणों द्वारा बिजली की समस्या की शिकायत लगातार विधुत विभाग सहित जनप्रतिनिधियों को दी जा रही है पर विधुत की समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है, और महीनों से लगातार आमजन बिजली की आंख मिचौली से परेशान है, बिजली न रहने के कारण कई गावों में नलजल योजना द्वारा पीने के पानी की सप्लाई भी सुचारू रूप से नही हो पा रही है जिससे आमजनता को पीने का पानी भी नही मिल पा रहा है, आखिर विधुत विभाग की मनमानी कब खतम होगी और कब आमजनता को सुचारू रूप से विधुत प्रदाय की जा सकेगी। वही इस तरह की समस्या पूरे तहसील के ग्रामीण अंचलों में है किन्तु इससे प्रशासन पूरी तरह अनभिज्ञ है। शासन आदिवासी अंचल में विद्युत व्यवस्था पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है जिसमें हो रहे भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन कार्यो का नतीजा है कि गांव गांव की लाइनों में रोज फाल्ट हो जाता है।

### अटल ज्योति के नाम पर 24 घंटे का दावा, लेकिन 5 से 6 घंटे ही मिल रही है बिजली

सरकार और बिजली कंपनी गांवों में अटल ज्योति योजना अंतर्गत 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि गांवों में बमुश्किल 5 से 6 घंटे बिजली मिल पा रही है, जिससे अब ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। अघोषित रूप से रोजाना की जा रही बिजली कटौती को लेकर नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें परसौरा, इकोदिया, भाऊखेड़ी, वीरपुर, बगरोदा आदि गावों में बिजली की स्थिति वद से बद्तर है। बगरोदा के ग्रामीण शिवराज सिंह, शिवम, अनिल आदि का कहना है कि पिछले दो महीना से लगातार बिजली की समस्या आ रही है, गांव में पांच ट्रांसफार्मर हैं, जिनमें से दो महीनों से बंद पड़े हैं। जिसके कारण लगातार समस्या हो रही है स्थिति यह हो गई है कि अब पांच की बजाय पूरे गांव का तीन ट्रांसफार्मर पर लोड हो गया धीरे-धीरे यह ट्रांसफार्मर भी पूर्णता खराब हो जाएंगे। वही उन्होंनें बताया कि फाल्ट होने पर अधिकांश ग्रामीण ही ट्रांसफार्मर पर पहुंचकर अपनी बिजली सही करते अधिकारी देखने तक नहीं आते हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं सुनते अधिकारी

ग्राम परसौरा एवं भाऊखेड़ी के शेर सिंह बघेल, मोनू बघेल, अंकित रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, सुमित अहिरवार, राहुल आदि ने बताया कि कुछ दिन से हमारे गांव में दिन में दो से तीन घंटे तो बिजली मिल रही है, तो वही रात में एक-दो घंटे ही बिजली मिल पा रही उसमें भी कम वोल्टेज की अधिक समस्या रहती है, जिसके कारण ना तो नल सप्लाई के माध्यम से पानी घर-घर पहुंच रहा और ना ही पर्याप्त बिजली के कारण अन्य घरेलू कार्य हो पा रहे हैं। वही उनका कहना है कि अफसरों को फोन लगाते हैं तो मोबाइल नहीं उठाते, कंट्रोल रूम का मोबाइल टेलीफोन बंद रहता है प्राइवेट कर्मचारियों से बात करते हैं तो सीधे से जवाब ही नहीं देते है। ऐसे में अब ग्रामीणों ने बिजली नहीं तो बिल नहीं देने का निर्णय लिया है, यदि अफसर जबरदस्ती करेंगे तो उनके खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई भी करेंगे।

### इनका कहना है

*क्षेत्र में सबसे अधिक बिजली कंपनी की शिकायतें आ रही हैं, जिसको लेकर हमने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है, एवं ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दि है, जल्द ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।*

***शिवराज सिंह रघुवंशी** वरिष्ठ भाजपा नेता*

*सिरोंज तहसील के ग्रामीण क्षेत्र से लगातार बिजली की शिकायतें आ रही है, मैंने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, यदि अभी भी समस्या है तो हम स्वयं यहां से जांच कराएंगे जो भी लापरवाही बरत रहे हैं, ऐसे अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। -*

***राजू भाभोर डिप्टी** जनरल मैनेजर बिजली कंपनी*

# मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार को लेकर गंभीर नहीं महिला बाल विकास विभाग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार और उन पर होने वाली घटनाओं को लेकर साहस दिखाकर उनकी मदद करने वाले महिला एवं पुरुषो के लिए मध्यप्रदेश सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरुस्कार की घोषणा कर उसे राजपत्र एवं विभाग की वेबसाइट पर भी रखा गया है पर हकीकत कुछ और है विदिशा जिले में अब तक इसको अमल में नही लिया गया है । 2021 में विदिशा जिले की सिरोंज में एक विक्षिप्त महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था जिसका प्रकरण सिरोंज न्यायालय में गतिशील है सूत्रों की माने तो एक आरोपी की एफेसल रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई पर इसे सिस्टम की लाचारी कह ले या अधिकारियों की उदासीनता जिस युवक ने विषिप्त महिला को बचाया थाने में एफआईआर दर्ज कराकर आरोपियों को जेल भिजवाने जैसा साहसी कार्य किया इस युवक को विभाग या प्रशासन सम्मानित तक नहीं कर पाया ऐसे में इस योजना का उद्देश केसे पूरा होगा ये एक बड़ा सवाल है जबकि ये योजना मुख्यमंत्री के नाम पर ही संचालित है और महिला बाल विकास विभाग के अधीन है यदि इस तरह की घटनाओं में साहस दिखाने वाले युवाओं को विभाग की इस योजना के तहत सम्मान किया जाता है तो महिलाओं पर होने वाली इस तरह की घटनाओं में युवा साहस दिखा सकेंगे और समाज में नारी का सम्मान और सुरक्षा और अधिक बड़ सकेगा ।

2021 में हुई इस घटना को लेकर समाजसेवी एक समिति द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से इस योजना के तहत संबंधित युवा को सम्मान करने की मांग भी की जा चुकी है पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया अब देखना ये है की विभाग इस और क्या कदम उठाता है।

# विधायक शर्मा की फेसबुक आईडी को किया हैक

**सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा की फेसबुक आईडी को किसी हैकर के द्वारा हैक कर लिया गया इसके बाद उन्होंने साइबर सेल, पुलिस व अन्य अधिकारियों से शिकायत करते हुए कहा कि किसी हैकर के द्वारा मेरी फेसबुक आईडी को हैक कर लिया गया है।




जिसको द्वारा भी इस किया है उसके खिलाफ जांच करके कार्रवाई की जाए। साथ उन्होंने सभी लोगों से कहा कि मेरी आईडी से भी कोई किसी भी तरह की गलत एवं अन्य तरह की पोस्ट है आदि डालता है तो उन पर कोई ध्यान ना दें क्योंकि मेरी आईडी को किसी हैकर के द्वारा गलत तरीके से हैक करके उसका दुरुपयोग भी किया जा सकता है । इसलिए सभी लोग इस बात का ध्यान रखें और किसी के बहकावे में ना आए।

**मेट्रो एंकर** | **सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल द्वारा एनआईओएस का सेमिनार**

# कक्षा 10वी-12वी में प्रवेश के लिए काफी सरल प्रक्रिया छात्र-छात्राएं अपने सपनों को करें पूरा: प्राचार्य

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में मानव संसाधन विभाग नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एनआईओएस के माध्यम से कक्षा 10वी एंव 12वी में प्रवेष लेने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल प्राचार्य श्रीमति राजश्री सिंह द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित एनआईओएस का पाठयक्रम उन छात्रो के लिए विशेष लाभदायक है। जो छात्र षिक्षा से दूर चले गए है और जिन छात्रो को इस क्षेत्र में आने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती हैं। लेकिन यह कोर्स गरीब छात्र-छात्राए जो अपना जीवन चलाने के लिए व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहें है या जिन छात्रों ने कक्षा 10वी व 12वी के अध्ययन करने के लिए समय का अभाव है जो छात्र प्रतिदिन स्कूल नही जा सकते। वह छात्र एसआईओएस के माध्यम से कक्षा 10वी एंव 12वी उत्तीर्ण कर उच्च अध्ययन कर सकते है और शासकीय नौकरियों में अपनी सेवाए दे सकते है। एनआईओएस में विशेष रूप से सरल विषयों से अध्ययन कराया जाता है। जिससे कि छात्र अपनी मंजिल को आसानी से हासिल कर सकें। इसकी परीक्षाए वर्ष में दो बार होती है। जिसमें मार्च-अप्रैल एंव सितम्बर - अक्टूबर में छात्र प्रवेश लेकर कक्षा 10वी व 12वी उत्तीर्ण कर सकते है। छात्रों को प्रवेष के लिए भी काफी सरल प्रक्रिया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र कही भी शासकीय नौकरी के लिए आवेदन कर सकता है। साथ ही आगें का अध्ययन करने के लिए किसी भी बोर्ड व विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकता है।



### कक्षा 10वी, 12वी में प्रवेश की सरल प्रक्रिया

सेमिनार के दौरान सर्वोदय हायर सेकेण्ड्री स्कूल की प्राचार्य श्रीमति राजश्री सिंह ने बताया कि जो छात्र कक्षा 10वी में प्रवेश लेना चाहते है। उन छात्रों को प्रवेश लेने के लिए कक्षा 5वी, 8वी, 9वी पास या कक्षा 10वी फेल की अंकसूची से प्रवेश मिल सकता है और व छात्र कक्षा 10वी उत्तीर्ण कर सकते है। साथ ही जो छात्र कक्षा 12वी में प्रवेश लेना चाहते है तो उन छात्रों के लिए कक्षा 10वी पास एंव कक्षा 12वी फेल की अंकसूची लाना अनिवार्य है। छात्र सरल विषयों से कक्षा 12वी उत्तीर्ण कर अपने सपनों को पूरा कर सकते है साथ ही किसी भी विष्वविद्यालय में प्रवेष ले सकते है। एनआईओएस में प्रवेष के लिए छात्र 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते है।



# वर्ल्ड कप के चयन का आधार आईपीएल ही होगा



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

नए साल में अफ्रीकी जमीन पर इतिहास रचने के बाद टीम इंडिया घरेलू सरजमी पर अब टी 20 वर्ल्ड कप की तैयारी के सिलसिले में आखिरी 3 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। टीम इंडिया और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आज मोहाली के स्टेडियम में पहला मुकाबला खेला जायेगा।रोहित शर्मा की कप्तानी में एक दमदार टीम अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलेगी, लेकिन एक बात तय है कि वर्ल्ड कप की टीम इंडिया के चयन का आधार इस बार भी आईपीएल ही रहेगा।अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली इस सीरीज में भले ही कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की लगभग डेढ़ साल बाद टीम में वापसी हुई है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इनकी टीम में जगह के मायने क्या और कितने हैं।दरअसल टी20 फोर्मेट में बन चुके नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या हमेशा की तरह अभी भी चोटिल हैं, साथ ही सूर्यकुमार यादव भी फिलहाल इसी वजह से सीरीज में उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं का इनकी वापसी पर नजरिया क्या है यह तो वक्त ही बतायेगा। खैर कप्तान रोहित शर्मा की भारत की टी-20 टीम में लंबे समय बाद वापसी हुई है। दो कप्तानों के चोटिल होने की वजह अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए हिटमैन को टीम की बागडोर एकबार फिर मिल गयी है। भले ही चयन का आधार आईपीएल रहेगा, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली इस सीरीज में भी टीम इंडिया के प्रयोग कसौटी पर रह सकते हैं।अगर हम आज होने वाले मैच की एकादश की वात करें तो इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के साथ बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करने उतर सकते हैं. रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशन के दोनों बल्लेबाज पावर-प्ले में जमकर रन लूटने में माहिर हैं।ऐसे में शुभमन गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठना पड़ सकता है।नंबर 3 पर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली उतरेंगे।टीम मैनेजमेंट उसके बाद युवा तिलक वर्मा के साथ फिनिशर रिंकू सिंह को एकादश में मौका मिल सकता है, जबकि बतौर विकेट कीपर का चयन संजू ओर जीतेश में से किसी एक होगा।वहीं ऑलराउंडर और गेंदबाजी यूनिट में जडेजा, बुमराह, शमी, सिराज की गैरमौजूदगी में अक्षर पटेल, सुंदर, शिवम, अर्शदीप, आवेश खान, मुकेश कुमार, कुलदीप और रवि विश्नोई में से किन्ही 5 को पहले मैच में मौका मिलेगा। वैसे पूरी सीरीज में मैनेजमेंट भले ही सभी खिलाड़ियों को मौका दे सकता है। वहीं सीरीज में कई युवा,और दिग्गज खिलाड़ी सीरीज में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब भी रहेंगे,लेकिन फिर भी मेरे नजरिये में जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के चयन का आधार हमेशा की तरह इस बार भी सिर्फ और सिर्फ आईपीएल ही होगा।इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इस टूर्नामेंट में सभी चोटिल खिलाड़ी भी मैदान में वापसी कर लेंगे।



### मोहाली में अफगानिस्तान और भारत के बीच आज होगा पहला मुकाबला

# टी-20: अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ पहली जीत का इंतजार

**मोहाली, एजेंसी**

भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज मोहाली में खेला जाएगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे होगा। इस साल टीम इंडिया का यह पहला टी-20 मुकाबला होगा। भारत के लिए सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिहाज से अहम है। टूर्नामेंट से पहले भारत की यह आखिरी टी-20 सीरीज है। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर आईपीएल शुरू हो जाएगा। आईपीएल के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा।

**भारत-अफगानिस्तान के 5 बीच टी-20 हुए:** यह पहली बार है जब दोनों टीमों के बीच बाइलैटरल टी-20 सीरीज खेली जाएगी। टी-20 फॉर्मेट में भारत और अफगानिस्तान के बीच 5 मैच हुए हैं। 4 भारत ने जीते, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। ये सभी मुकाबले टी-20 वर्ल्ड कप और एशिया कप में खेले गए।

मोहाली स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, पेसर्स को भी मदद मिलने लगती है। इस स्टेडियम में कुल 6 टी-20 मैच खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 2 और चेज करने वाली टीम ने 4 मैच जीते। मैदान पर हाईएस्ट टीम स्कोर 211 है, जो ऑस्ट्रेलिया ने 2022 में भारत के खिलाफ बनाया था।



### विराट कोहली सीरीज का पहला मुकाबला नहीं खेलेंगे

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस सीरीज का पहला मुकाबला नहीं खेलेंगे। वे दूसरे और तीसरे टी-20 के लिए उपलब्ध रहेंगे। बुधवार को भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने मोहाली में यह जानकारी दी। द्रविड़ ने कहा- विराट निजी कारणों की वजह से पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं हैं। अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी पीठ की चोट दोबारा उभर आई है। राशिद ने 2 महीने पहले सर्जरी कराई थी। बता दें मोहाली में गुरुवार को मौसम साफ रहेगा है। यहां बारिश के आसार नहीं हैं।

### ■ रोहित बन सकते हैं सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा आज सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन सकते हैं। रोहित के 51 टी-20 में 1527 रन हैं। उनसे आगे विराट कोहली हैं, जिन्होंने बतौर कप्तान 50 टी-20 में 1570 रन बनाए हैं। यानी रोहित को विराट से आगे निकल कर पहले नंबर पर आने के लिए 44 रन की जरूरत है। रोहित शर्मा टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन सकते हैं। वह इस रिकॉर्ड से महज 44 रन दूर हैं।

### यशस्वी टीम के टॉप रन स्कोरर

कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे, जबकि शुभमन गिल नंबर-3 पर बैटिंग करेंगे। विराट कोहली पर्सनल कारणों से पहला टी-20 नहीं खेलेंगे। भारत का इस साल यह पहला टी-20 मुकाबला होगा। सूर्यकुमार यादव पिछले साल टीम के टॉप रन स्कोरर रहे, लेकिन वे चोट की वजह से सीरीज नहीं खेल रहे। दूसरे नंबर पर यशस्वी जायसवाल हैं। वहीं 2023 में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट अर्शदीद सिंह ने लिए, उनके नाम 26 विकेट रहे।

### गुरबाज ने अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए



अफगानिस्तान की कमान इब्राहिम जादरान संभालेंगे। टीम के लिए साल 2023 में रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उनके नाम 288 रन रहे। टॉप विकेट टेकर की लिस्ट में कैस अहमद पहले नंबर पर हैं, उन्होंने 6 मैच में 11 विकेट लिए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट बॉल स्क्वॉड घोषित

## शिमरोन हेटमायर वेस्टइंडीज टीम से बाहर, होल्डर-मेयर्स की वापसी

**वेरागो, एजेंसी**

लेफ्ट हैंड के विस्फोटक बैटर शिमरोन हेटमायर को वेस्टइंडीज के वनडे और टी-20 स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार सुबह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट बॉल स्क्वॉड घोषित किया। पूर्व कप्तान जेसन होल्डर और ऑलराउंडर काइल मेयर्स ने टी-20 टीम में वापसी की है। कई नए खिलाड़ियों को भी स्क्वॉड में शामिल कर लिया गया। ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने जा रही है। 17 जनवरी से टेस्ट सीरीज शुरू होगी, वहीं फरवरी में वनडे और टी-20 सीरीज खेली जाएगी।

वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत टेस्ट से होगी। दोनों टीमों के बीच 17 जनवरी को एडिलेड में पहला मुकाबला खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है और इस समय क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेल रही है।

### मेयर्स-होल्डर वनडे सीरीज से भी बाहर

काइल मेयर्स और जेसन होल्डर ने फ्रेंचाइजी लीग के लिए टेस्ट टीम में इंटरेस्ट नहीं दिखाया। दोनों प्लेयर्स को टेस्ट के साथ वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली। टी-20 टीम के ब्रैंडन किंग और शेरफन रदरफोर्ड को भी सीरीज से पहले फ्रेंचाइजी टीमों में शामिल होने की परमिशन मिल गई।

### होप करेंगे कप्तानी

विकेटकीपर बैटर शाई होप ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज की वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टीम में अनकैप्ड टेडी बिशप और टेविन इमलाक भी शामिल हैं, जिन्हें डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं ऑलरआउंडर जस्टिन ग्रीव्स और केवम हॉज समेत लेग स्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर ने भी वनडे टीम में वापसी की है।

### इंडिया-ए के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी टीम

## दिनेश कार्तिक भारत टूर के लिए बैटिंग कंसलटेंट होंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भारतीय दौरे के लिए इंग्लैंड-ए ( इंग्लैंड लायंस ) के साथ टीम में शामिल होंगे। वे 9 दिन के लिए टीम से जुड़ेंगे और इंग्लैंड लायंस की तैयारियों में सहायता करेंगे। कार्तिक बैटिंग कंसलटेंट के रूप में जुड़ेंगे। वे भारतीय परिस्थितियों के बारे में एडवाइस देने में मदद करेंगे। इंग्लैंड लायंस टीम इंडिया-ए के खिलाफ एक टूर मैच और तीन टेस्ट की सीरीज खेलेगी। सीरीज के सभी मुकाबले अहमदाबाद में होंगे। दिनेश कार्तिक टीम के साथ 9 दिन ( 10 जनवरी-18 जनवरी ) के लिए जुड़ेंगे। इसके बाद टीम के रेग्यूलर कोच इयान बेल टीम में वापसी करेंगे। बेल ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ असिस्टेंट कोच के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद 18 जनवरी को टीम के साथ जुड़ेंगे। इंग्लैंड लायंस में हेड कोच कोच नील किलीन, सहायक रिचर्ड डॉसन और कार्ल हॉपकिंसन के साथ-साथ इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान टीम के मेंटर के तौर पर शामिल होंगे। चार टेस्ट की सीरीज इंग्लैंड ने 2-1 से जीती थी। इस सीरीज में स्वान ( 20 ) टॉप विकेट टेकर थे।



### मेट्रो बाजार

## इंडिगो में अब फ्रंट और विंडो सीट के लिए 2,000 एक्स्ट्रा लगेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडिगो एयरलाइन ने आज यानी, 9 जनवरी से सीट सिलेक्शन फीस तय कर दी है। 222 सीटों वाले विमान में फ्रंट में विंडो या आइल सीट चुनने पर 2,000 अतिरिक्त लगेंगे। उसी लाइन की मिडिल सीट के लिए यात्री को 1,500 रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे। सेकेंड और थर्ड रो की सभी सीटें 400 की समान दर पर मिलेंगी। 232 सीटों वाले 321 विमान और 180 सीटों वाले 320 विमान के लिए चार्ज एक समान हैं। 4 जनवरी को इंडिगो ने फ्यूल सरचार्ज हटाने की घोषणा की थी जिसके बाद एयरलाइन ने सीट सिलेक्शन फीस में यह बड़ा बदलाव किया है। अक्टूबर 2023 की शुरुआत से एविएशन टर्बाइन फ्यूल की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण इंडिगो ने फ्यूल चार्ज वसूलना शुरू किया था। इसके लिए फ्यूल चार्ज के तौर पर 300 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक वसूले जा रहे थे। इंडिगो ने कहा- हम अपने यात्रियों को पसंदीदा सीटों के लिए रिजर्वेशन ऑप्शन देते हैं। आप विंडो सीट, आइल सीट या अतिरिक्त लेगरूम वाली सीट चुन सकते हैं। यदि आप पसंदीदा सीट नहीं खरीदना चाहते हैं तो आप अवेलेबल फ्री सीट का चयन कर सकते हैं या एयरपोर्ट पर चेक-इन के समय असाइन की गई सीट मिल जाएगी।



## रेनो क्विड, ट्राइबर व काइगर का अपडेटेड वर्जन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेनो इंडिया का दिल्ली में रेनोल्यूशन इवेंट हुआ। इसमें कंपनी ने अपने लाइनअप में शामिल तीनों मॉडल क्विड, ट्राइबर और काइगर के अपडेटेड वर्जन भारत में लॉन्च किए हैं। रेनो ने इन्हें नए फीचर्स और नए कलर ऑप्शन के साथ अपडेट किया है। कंपनी ने रेनो क्विड के चुनिंदा वैरिएंट की कीमतों में 22,000 रुपए तक कम किए हैं। वहीं, ट्राइबर के वैरिएंट पर 34,000 रुपए और वैरिएंट पर 30,000 रुपए घटाए गए हैं। इसके अलावा, रेनो काइगर के बेस वैरिएंट पर 50,000 रुपए तक कम किए गए हैं, जबकि अन्य वैरिएंट पर 5,000 रुपए से 47,000 रुपए कम किए हैं। कंपनी ने रेनो क्विड में काफी कम अपडेट्स किए हैं। अब कार के लोअर (ऑप्शनल) वैरिएंट में इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा, जो पहले सिर्फ इसके टॉप वैरिएंट और क्लाइंबर में ही दिया जाता था। इसके साथ ही क्विड इंडियन मार्केट में सबसे अफोर्डेबल कार बन गई है, जिसमें इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलता है। इसके अलावा, कार के सभी वैरिएंट्स में ऑल सीटबेल्ट रिमाइंडर का फीचर शामिल किया गया है। रेनो ने इसके मिड वैरिएंट (ऑप्शनल) से 5 स्पीड गियरबॉक्स का ऑप्शन देना भी शुरू कर दिया है। रेनो ट्राइबर अब नए स्टील्थ ब्लैक कलर में भी अवेलेबल है। इसके साथ ही अब इसके हर वैरिएंट में कुछ नए फीचर्स जोड़े गए हैं।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## रानी मुखर्जी ने कहा- भारतीय सिनेमा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ



रानी मुखर्जी बेहतरीन अदाकारी के साथ-साथ अपने बेबाक बयान के लिए भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री को हर मुद्दे पर खुलकर बात करते देखा जाता है। इसी कड़ी में रानी ने भारतीय सिनमा को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बता दिया है। अभिनेत्री का बयान सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। जहां एक वर्ग रानी के समर्थन में आया है, तो वहीं दूसरा वर्ग अभिनेत्री की क्लास लगाते देखा जा रहा है। रानी मुखर्जी ने हाल ही में कहा कि भारत, दुनिया में सबसे अच्छी फिल्में बनाता है। उन्होंने आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा के जीवन पर आधारित विक्रांत मैसी अभिनीत '12वीं फेल' का उदाहरण दिया था।

### फिल्म निर्मामा पृथ्वी कोनानूर के बयान पर अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने दिया था जवाब

गलाटा प्लस के साथ हाल ही में एक बैठक के दौरान, रानी ने फिल्म निर्माता पृथ्वी कोनानूर के उस बयान के जवाब में टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा था कि जहां तक विचारों का सवाल है, ईरानी सिनेमा भारतीय फिल्मों से बेहतर है। रानी की प्रतिक्रिया को एक्स पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। रानी मुखर्जी के हस्तक्षेप करने से पहले, पृथ्वी कोनानूर ने कहा था, मैं लोगों से ईरानी फिल्में देखने के लिए कहता हूं। उन्हें देखें। आप हमारी फिल्मों और उनकी फिल्मों के बीच एक बड़ा अंतर देख सकते हैं। मुझे लगता है कि किसी कारण से, हम वास्तव में ईरानी सिनेमा से बहुत पीछे हैं। यह एक ईमानदार राय है। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे ईरानी फिल्में देखें और देखें कि वे विचारों के मामले में कितनी उन्नत हैं, शायद तकनीक के मामले में नहीं, लेकिन विचारों के मामले में वे कहां हैं।

## सिद्धांत बोले- फिल्म इंडस्ट्री में लोगों के पास समय नहीं है



मुकेश खन्ना के साथ भीष्म इंटरनेशनल यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' की असफलता को लेकर बातें की. उन्होंने बताया कि किन गलतियों से उनकी फिल्म फ्लॉप हो गई. उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म फ्लॉप होने के बाद अक्षय कुमार को कैसा लगा. फिल्म की आलोचना को याद करते हुए डायरेक्टर ने खुलासा किया कि फिल्म की असफलता से अक्षय टूट गए. उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे. एक सफल अभिनेता होने के बावजूद उन्होंने अपनी कमियों को स्वीकार किया और मसहूस किया कि उनसे कहां गलती हुई है. डायरेक्टर ने मौखिक रूप से अपने विचार व्यक्त किये। हैरानी की बात यह है कि इस खुले संचार से उनके रिश्ते में कोई तनाव नहीं आया. उनकी दोस्ती अभी भी वैसी ही है. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने अपने बातचीत में अक्षय कुमार का जिक्र करते हुए कहा, सम्राट पृथ्वीराज के फ्लॉप से मैंने और अक्षय कुमार हम दोनों को सीख मिली है कि किसी को भी इतिहास के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए. चंद्रप्रकाश द्विवेदी कहा, फिल्म रिलीज होने के बाद मैंने अक्षय से कहा कि यह देश आपको एक राष्ट्रीय आइकन के रूप में देखता है और जब मैंने फिल्म को मिल रही आलोचना को उनसे साझा किया तो अक्षय की आंखों में आंसू आ गए।

## बचपन में हुआ था कल्कि का यौन शोषण



नैशनल अवॉर्ड विनर कल्की कोकलां आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है. साल 2009 में 'देव डी' से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली कल्की को पहली ही फिल्म के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था. इतना ही नहीं, 'मार्गरिटा विद अ स्ट्रॉ' के लिए कल्कि को नैशनल अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है. अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर कल्की यौन शोषण शिकार रह चुकी हैं. इसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने फेसबुक अकाउंट पर किया था. उन्होंने लिखा था कि जब मैं 9 साल की थी तो मैंने सेक्स किया था. ये मेरी गलती थी. तब मुझे इस चीज के बारे में जानकारी नहीं थी. मुझे बस इस बात का डर था कि गलती से भी मेरी मां को पता ना चले. मैंने सालों तक उनसे ये बात छिपा कर रखी. बता दें कि बाल यौन शोषण के प्रति लोगों को जागरूकता फैलाने के लिए कल्की ने इस बात का खुलासा किया था, ताकि बच्चों को यौन शोषण से बचा पाएं. बता दें कि साल 2013 में कल्की कोकलां ने अपनी पहली फिल्म के डायरेक्टर अनुराग कश्यप से में शादी कर ली थी. हांलाकि, दोनों के बीच उम्र का फासला होने की वजह से उनकी ये शादी ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाई.

## संक्षिप्त समाचार

### मैसूर एक्सप्रेस से मंगलवार को लेडीज पर्स चोरी

**भोपाल।** फरियादिया इस्मत अंजुम मूलतः नागपुर की रहने वाली हैं। मंगलवार को वह मैसूर एक्सप्रेस कोच ए-वन में जयपुर से नागपुर की यात्रा कर रही थी। रात के समय उन्होंने अपना पर्स सिरहाने रख लिया था। सुबह करीब आठ बजे नींद खुली तो पर्स गायब था। पर्स के अंदर दो स्मार्ट घड़ी, कास्मेटिक सामान और अन्य इस्तेमाली सामान समेत कुल 20 हजार रुपए का सामान रखा हुआ था। रानी कमलापति जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सोमनाथ एक्सप्रेस में मोबाइल चोरी

**भोपाल।** फरियादी मुकेश जैन पिछले दिनों सोमनाथ एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-1 में सवार होकर दमोह की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया और सीट पर सो गए। रेलवे स्टेशन भोपाल से ट्रेन चलने पर उनकी नींद खुली तो चार्जिंग पाइंट पर लगा 14 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन गायब था। इसकी जानकारी उन्होंने जीआरपी हेल्प लाइन पर दी थी। क्यूआरटी टीम ने बीना स्टेशन पर उनके बयान लेकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की और डायरी भोपाल जीआरपी भेजी, जहां असल कायमी कर ली गई।

### टायलेट क्लीनर पीकर मिस्त्री ने दी जान

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में मिस्त्री ने टायलेट क्लीनर पी लिया। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह मिस्त्री की मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं होने के कारण आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार दीपक जाटव पिता लीलाकिशन जाटव (19) जाटखेड़ी , मिसरोद में रहता था और मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपासा वह उल्टियां कर रहा था। परिजन ने उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि टायलेट क्लीनर पी लिया है। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजन से पूछताछ में पता चला कि वह शराब पीने का आदी था।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास फुटपाथ पर एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। अनुमान है कि महिला की मौत बीमारी और ठंड के कारण हुई है। पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि माता मंदिर फुटपाथ पर किसी महिला की लाश पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाके में लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि उक्त महिला का नाम सुनीता कदम है। सुनीता का पति मोहन भी पहुंच गया था। वह शराब के नशे में था और उसने बताया कि उनका कोई ठिकाना नहीं है। वह फुटपाथ पर ही रहते हैं।

### जयपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस से पर्स चोरी

**भोपाल।** फरियादी मो. जेड मूलतः हैदराबाद के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह अपने परिवार के साथ जयपुर हैदराबाद एक्सप्रेस से अजमेर से हैदराबाद की यात्रा कर रहे थे। रात को खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए थे। इस दौरान उनकी मां ने अपने दो लेडीज पर्स सीट के नीचे रखे थे। रेलवे स्टेशन भोपाल पहुंचने से करीब पांच मिनट पहले नजर पड़ी तो सीट के नीचे रखे दोनों लेडीज पर्स गायब थे। पर्स के अंदर 17 हजार रुपए कीमत का एक मोबाइल फोन, घर की चाबियां, नगदी 5 हजार रुपए, आधार कार्ड समेत अन्य उपयोगी सामान रखा हुआ था।



### निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भाभा यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज़ द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला शाहपुरा, में दंत एवं मुख रोग जागरूकता हेतु निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। लगभग 150 बच्चों का परीक्षण किया गया। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के दंत चिकित्सक प्रोफेसर डा नीरज चौहान एवं डा अभिषेक गुप्ता ने बच्चों को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी दी। छात्रो को ब्रश करने का सही तरीका एवं मुखं में होने वाली विभिन्न प्रकार के रोगों की विस्तृत्व जानकारी दी गयी।

संस्कार भारती विद्यापीठ



### धूमधाम से हुआ वीरबाल कार्निवल का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गुरु गोविंद सिंह के चारों वीर सहजादों की स्मृति में भोपाल के कटारा हिल्स स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ स्कूल में वीरबाल कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, असमिया, पहाड़ी नृत्य की प्रस्तुति की गई। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रोजेक्ट्स, विज्ञान के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल्स भी विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए। उच्च कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा चंद्रयान 3 का बहुत ही आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सौरमंडल, गेम जोन, एवं हॉरर रूम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत :** पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुरजीत सिंह चैहान द्वारा विद्यालय के खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं विभिन्न गतिविधियों में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट योगेंद्र दाखोले, डीपीसी डॉ आर. के. यादव, सैयद साजिद अली, संचालक राजीव गांधी कॉलेज आदि उपस्थित रहे। विद्यालय सचिव शांतनु शर्मा, प्राचार्य आर. डी श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### अवधपुरी पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर शुरू की आरोपियों की तलाश

# डेढ़ लाख की मुर्रा भैंस और पाड़ा चोरी, गाय हांक कर ले जा रहे युवक को रोका तो भाग निकला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अवधपुरी स्थित एक डेयरी से चोर रात के समय डेढ़ लाख रुपये कीमत की मुर्रा भैंस और पाड़ा चोरी कर ले गए। घटना के समय डेयरी पर चौकीदार मौजूद था, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। इसी इलाके में एक व्यक्ति की गाय हॉक कर ले जा रहे युवक को मालिक ने पकड़ लिया, लेकिन वह मौका पाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर मवेशी चोरों की तलाश शुरू कर दी है।**



फाइल फोटो

पुलिस के मुताबिक रिंकेश यादव (40) ग्राम सोनपुरा खजूरीकला में रहते हैं। वह खेती किसानी के साथ ही गाय-भैंस पालकर धूध बेचने का काम करते हैं। बीडीए कालोनी खजूरीकला में उनकी डेयरी है, जहां गिर, साईबाल और जर्सी नश्ल की गायें और मुर्रा भैंसों समेत कुल 43 मवेशी हैं। डेयरी का पूरा काम उनका छोटा भाई गोलू यादव संभालता है। इसके साथ ही जानवरों की देखभाल के लिए दिवान सिंह नामक व्यक्ति भी परिवार के साथ डेयरी पर ही रहता है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे दिवान सिंह ने डेयरी मालिक को बताया कि एक मुर्रा भैंस और एक पाड़ा डेयरी में नहीं है। रिंकेश और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो नौकर ने बताया कि रात करीब बारह बजे तक वह जाग रहा था। उसके बाद कमरे में जाकर सो गया था। आसपास के इलाके में काफी तलाश करने के बाद भी जब भैंस और पाड़े का कुछ पता नहीं चला तो रिंकेश ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### गाय हॉक कर ले जा रहा बदमाश भाग निकला

इसी इलाके में गाय हॉक कर ले जा रहा एक बदमाश मालिक के आने पर भाग निकला। पुलिस ने बताया कि धन्नालाल यादव (60) ग्राम खजूरीकला में रहता हैं और खेती किसानी करते हैं। सोमवार की रात करीब आठ बजे वह गांव में एक दुकान पर सेविंग कराने पहुंचे थे। इसी बीच उनकी नजर पड़ी तो एक युवक उनकी देशी गाय को हांक कर ले जा रहा था। वह दुकान से बाहर निकले और युवक के पास पहुंचकर पूछताछ की तो युवक कहने लगा कि उसी की गाय है। धन्नालाल ने उसे अपनी गाय बताते हुए युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने युवक को काफी तलाशा, लेकिन जब वह नहीं मिला तो अगले दिन थाने जाकर मवेशी चोरी के प्रयास का मामला दर्ज करवाया।

### वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले नाबालिग समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** कमला नगर पुलिस ने एक ही रात में तीन थानों में एक दर्जन से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने पर नेहरू नगर व्यापारी संघ ने कमला नगर पुलिस की प्रशंसा करते हुए सम्मान किया है।

जानकारी के अनुसार बीती 7-8 जनवरी की रात स्कूटर पर सवार आधा दर्जन बदमाशों ने कमला नगर थानांतर्गत डी-सेक्टर नेहरू नगर में पांच वाहनों में तोड़फोड़ की थी। इसी प्रकार जहांगीराबाद थानांतर्गत वसुंधरा कालोनी में आधा दर्जन कारों में तोड़फोड़ की थी। इसी रात को कोलार के सर्वधर्म में भी दो वाहनों और एक मकान की खिड़की में पत्थर मारकर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगाई गई थी। पुलिस टीम ने इस मामले में अनिकेत उर्फ विक्की, शिवा रेड्डी उर्फ सुनील, अनिकेत उर्फ चंद्रभूषण अहिरवार, यश जैन और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। इस मामले में विनय कुशवाह नामक एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई पर नेहरू नगर व्यापारी संघ ने थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया।

### डकैती की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

## ऑटो और स्कूटर समेत औजार बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक आटो, स्कूटर और ताला तोड़ने के औजार समेत अन्य सामान जब्त किया गया है। सभी आरोपी शातिर बदमाश हैं, जिनके खिलाफ भोपाल शहर के विभिन्न थानों में पहले से चोरी और नकबजनी समेत गंभीर अपराध दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक बीती रात सूचना मिली कि बैरसिया मेला ग्राउंड के पास एक आटो और एक स्कूटर के साथ चार-पांच लोग हथियार लेकर खड़े हैं और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। इसी बीच एक बदमाश अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जबकि चार बदमाशों को पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अभिषेक उर्फ गोलू चौहान, मोहम्मद युसूफ, दीपू चौहान और इमरान खान बताए। यह सभी भोपाल के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक आटो, स्कूटर, लोहे की राड, धारदार चाकू, रस्सी, लाठी, लालमिर्च पावडर, तथा मोबाईल फोन जब्त किए हैं।

## बाइक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो ।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के सामने तेज रफ्तार बाइक ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को आटो चालक की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार राशिदा बी, कन्ट्रोल वाली लाइन इन्द्रानगर चौकी के पास वसुधरा कालोनी, टीलाजमालपुरा में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पिता जफिर अहमद उर्फ जफर (60) गोंडीपुरा, गांधी नगर मे रहते थे। कल बुधवार शाम करीब पांच बजे के आसपास उन्होंने अपने पिता को कॉल किया था। इस दौरान कॉल किसी अन्य व्यक्ति ने अटैंड किया और बताया कि आपके पिता जी का बुधवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास वीआईपी रोड पर एक्सीडेंट?हो गया है किसी बाइक सवार युवक ने उन्हें राजा भोज की प्रतिमा के सामने टक्कर मार दी है। वे अभी अस्पताल में भर्ती हैं। राशिदा की अस्पताल पहुंची तो पिता अस्पताल में भर्ती मिले। उनके सिर, हाथ पैर और चेहरे समेत पेट में गंभीर चोट थी।

## युवक को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** बैरसिया पुलिस ने एक युवक को खुदकुशी के लिए उकसाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी पर दो-दो हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक पिछले साल जुलाई 2023 में ग्राम पिपलिया हसनाबाद निवासी मुशर्रफ खान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लतीफ खां, अनीस खां, दिलशाद खां और हसीन खां के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। बुधवार को सूचना मिली कि सभी आरोपी अपने परिवार से मिलने आए हैं और फिलहाल जंगल में छिपे हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** जीआरपी ने दर्ज किया मामला, भारत टाकीज ओवर ब्रिज के नीचे की वारदात

# नकाबपोश बदमाशों ने चाकू से हमला कर मोबाइल और चार हजार रुपए लूटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भारत टाकीज ओवर ब्रिज के पास मंगलवार तड़के स्टेशन जा रहे युवक को चार नकाबपोश बदमाशों ने भारत टाकीज ओवर ब्रिज के नीचे रोक लिया। रोकने के बाद आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसे घायल करते हुए मोबाइल और 4 हजार रुपए की नगदी छीनकर भाग निकले। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जीआरपी ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



जीआरपी के अनुसार आयुष जोशी (29) बरखेड़ी फाटक के पास रहता है। मंगलवार तड़के करीब पौने 5 बजे वह बरखेड़ी फाटक से रेलवे लाइन के किनारे वाले रास्ते से पैदल भोपाल स्टेशन जा रहा था। भारत टाकीज ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही चार नकाबपोश बदमाशों ने आगे-पीछे से आकर उसे घेर लिया और मोबाइल समेत पर्स मांगने लगे। आयुश ने उनका विरोध किया तो पीछे खड़े दो युवकों ने उसे जमीन पर पटक दिया और आगे खड़े युवक ने चाकू से हमला कर दिया। आयुश के सिर और हाथ-पैर में चाकू के गहरे घांव लगे हैं। चाकू से हमला करने के बाद बदमाशों ने उसकी जेब से ओप्पो कंपनी का 16 हजार का मोबाइल जेब में रखे चार हजार रुपए नकदी निकालकर भाग निकले। घटना के बाद आयुश किसी तरह घर पहुंचा और परिजन को लेकर जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत की। आयुश की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस ने उसे इलाज ही इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां से हमीदिया के लिए रैफर कर दिया है। हमीदिया अस्पताल पहुंचे जीआरपी अधिकारियों ने आयुश के बयान लेने के बाद अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ लूटपाट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सीएम के निर्देश के बाद ब्रास बैंड प्रशिक्षण शुरू

# भोपाल, इंदौर और जबलपुर में 330 प्रशिक्षुओं को 90 दिवस में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में पुलिस ब्रास बैंड की स्थापना की कवायद शुरू हो गई है। दरअसल पदभार ग्रहण करने के तीसरे दिन ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक में पुलिस बैंड की महत्ता पर बल देते हुए कहा था कि हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना की जाए। इसी तारतम्य में भोपाल की सातवीं वाहिनी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस बैंड ट्रेनिंग प्रशिक्षण विद्यालय में राज्य स्तरीय ब्रास बैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भी हो गया।

इस मौके पर डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि पुलिस बैंड सभी को टीमवर्क की प्रेरणा देता है। 10 जनवरी से प्रारंभ इस 90 दिवसीय प्रशिक्षण में सातवीं वाहिनी भोपाल में 100, प्रथम वाहिनी इंदौर में 107 तथा छठीं वाहिनी जबलपुर में 123 पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को बैंड वादन तथा वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन 330 प्रशिक्षुओं में प्रदेश की सभी बटालियनों के पुलिसकर्मी सम्मिलित किए गए हैं, ताकि सभी इकाइयों में बैंड स्थापना के लक्ष्य को शीघ्र पूरा किया जा सके।

सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल पुलिस और जनता के बीच निकटता लाने के साथ ही उत्साह का संचार करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वो पर पुलिस बैंड महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब बैंड की धुन बजती है तो सभी में देशभक्ति की भावना का संचार होता है और गर्व का अनुभव होता है। विभिन्न अवसरों पर पुलिस बैंड का प्रदर्शन जनमानस और पुलिस के बीच की सहभागिता को बढ़ाता है। उल्लास के क्षणों में बैंड का उद्घोष जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करता है। साथ ही इस से लोकतंत्र का समवेत स्वर उद्घोषित होता है। उन्होंने पुलिस बैंड के सदस्यों से कहा कि प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से प्राप्त करें। प्रशिक्षण में जो भी सीखें वह मनोयोग से सीखें। इस मौके पर सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड ने मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों में देशप्रेम की भावना जाग्रत कर दी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022